WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 देश विदेश | 4 अभिव्यक्ति | 6 छत्तीसगढ़ | 7 कारोबार

RNI NO.MPHIN/2017/72749 | भोपाल, बुधवार 11 दिसंबर 2024 | शुक्ल पक्ष दशमी , विक्रम संवत-2081 | वर्ष-8 अंक-194 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए | भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती से भी दो कदम आगे निकल गई है उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती। जिन्हें राजनीति में आये अभी जुम्मा जुम्मा आठ दिन ही हुए है लेकिन जुबान से जहर उगलने में उन्होंने अपनी मां को भी मात दे दी है। बकौल इल्तिजा मुफ्ती हिन्दुत्व एक बीमारी है इसका इलाज करना जरूरी है। जिसका दिमागी तवाजन बिगड़ा हो वो इलाज करने की बात कर रही है। इलाज तो इन सिरफिरों का जम्मू कश्मीर की जनता ने कर दिया है जिसने महबूबा मुफ्ती की पार्टी की खाट खड़ी कर दी। फिर भी दिमाग ठिकाने नहीं लगा है।

प्रधानमंत्री मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की सौजन्य भेंट

प्रधानमंत्री को जीआईएस-2025 और केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के भूमि-पूजन के लिए किया आमंत्रित

राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यों से कराया अवगत

भोपाल/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को संसद भवन नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को भोपाल में फरवरी 2025 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के भूमि-पूजन एवं शिलान्यास के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष

में किये गये कार्यों से अवगत कराकर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर 11 दिसम्बर 2024 से 2 महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रारंभ कर रही है। पहला कार्यक्रम मुख्यमंत्री जन-कल्याण पर्व 11 से 26 दिसम्बर 2024 तक आयोजित होगा। यह प्रदेश के समग्र विकास और जनहित पर आधारित रहेगा। दूसरा कार्यक्रम मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विकास के प्रमुख 4 स्तंभ युवा, नारी, किसान और गरीब के सशक्तिकरण और उनके कल्याण के लिए चिन्हित योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन **शेष पृष्ठ 5 पर**

सीएम डॉ मोहन यादव ने की मोदी से भेंट

नयी दिल्ली, भोपाल, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। डॉ यादव ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मोदी से भेंट की। इस दौरान उन्होंने मोदी से विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद की बैठक आज

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 11 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित होगी। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

संसदीय बैठक में सरकार को घेरने पर विचार

नयी दिल्ली (वार्ता) । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां कांग्रेस संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें सरकार को घेरने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में चर्चा के लिए उठाए जा रहे मुद्दों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने की रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ, जिसमें विभिन्न नेताओं ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के बाद गांधी के नेतृत्व में पार्टी सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार की तरफ मार्च किया और सरकार से भ्रष्टाचार को शह नहीं देने और संसद में मनमानी नहीं करने को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान कई नेता हाथों में बैनर भी लिए हुए थे। मार्च के बाद सभी सदस्य संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने के लिए सदन की तरफ गए।

श्रीनगर में मौसम की सबसे ठंडी रात

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच राजधानी श्रीनगर में सोमवार को मौसम की सबसे ठंडी रात रही, जब तापमान शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। श्रीनगर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित प्रसिद्ध स्की रिजॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से 9.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जिससे यह लगातार दूसरे दिन भी क्षेत्र का सबसे ठंडा स्थान बना रहा, जबकि दक्षिण कश्मीर के सुरम्य पर्यटन स्थल पहलगाम में तापमान शून्य से 8.4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

राहुल गांधी करेंगे न्याय चौपाल

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार को यहां प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के लोगों के लिए न्याय चौपाल लगाएंगे। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली में एक माह से न्याय यात्रा कर रहे हैं, ताकि दिल्ली के लोगों के साथ

न्याय किया जा सके। पार्टी बुधवार को यहां इंदिरा गांधी एरेना स्टेडियम में न्याय चौपाल कर रही है और श्री गांधी अपराह्न एक बजे इस चौपाल में शामिल होंगे। यादव ने कहा, आठ नवंबर से शुरू हुई दिल्ली न्याय यात्रा की आपार सफलता के बाद जननायक राहुल गांधी जी सभी न्याय यात्रियों एवं दिल्ली के लोगों के साथ न्याय चौपाल करने आ रहे हैं।

हंगामे के कारण राज्यसभा-लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

कांग्रेस बताए जार्ज सोरोस के साथ क्या रिश्ता : रिजिज

नयी दिल्ली (वार्ता)। संसद का उच्च सदन कहे जाने वाली राज्यसभा और लोकसभा में मंगलवार को हंगामे के कारण कोई कामकाज नहीं हो सका और सभापति ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले सुबह भी इसी कारण से कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनटों में स्थगित कर दी गई थी। दोपहर 12 बजे कार्यवाही शुरू होने पर भी सत्ता और विपक्ष दोनों के सदस्य हंगामा करने लगे। शोर शराबे में कुछ भी सुना नहीं जा रहा था। इस बीच सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि मीडिया में देश के एक राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेता और जार्ज सोरेस को लेकर रिपोर्ट आई है। साठगांठ को लेकर मीडिया में आ रही रिपोर्टों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया जा रहा है।

नड्डा ने कहा कि दुनिया के किसी भी देश ने इस तरह के लोग को माफ नहीं

किया है। बाहरी शक्तियों ने कई देशों को बर्बाद किया है। देश के आम आदमी के प्रति हम जिम्मेदार हैं। गांव के लोग पूछ रहे हैं कि हम उनको सुरक्षा देने की स्थिति में है या नहीं। हम लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि मोदी सरकार उनको पूरी तरह सुरक्षित रखने में सक्षम है और हम किसी को भी देश को खतरे में डालने की छूट नहीं देंगे।उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 11वें स्थान से दुनिया की पांचवीं आर्थिक बड़ी शक्ति बन चुका है और शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है।

इस पर कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि बहुत जल्द इसकी सच्चाई सामने आएगी और नड्डा ने जो आरोप लगाए हैं, वे पूरी तरह गलत है और मैं इसका खंडन करता हूं। उन्होंने कहा कि अडानी द्वारा भारतीय जनता पार्टी की सरकारों को 23 हजार करोड़ रुपए के रिश्वत देने का मामला एक अदालत में है और इस पर सदन में चर्चा कराई जानी चाहिए ताकि स्थिति साफ हो सके।इस बीच द्रविड़ मुनेत्र कषगम् के तिरुची शिवा ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि नियम 238(2) के अनुसार दूसरे सदन के नेता का नाम इस सदन में नहीं लिया जा सकता है।

इस पर नड्डा ने कहा कि उन्होंने किसी सदस्य का नाम नहीं लिया, बल्कि पद का नाम लिया है।इस दौरान दोनों पक्षों के हंगामे के कारण सभापति ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह में विधायी कामकाज शुरू होते ही सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के कुछ सदस्यों के शोर शराबे के कारण सभापति को सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनटों बाद 12:00 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। इसके कारण इस सप्ताह लगातार दूसरे दिन कोई कामकाज नहीं हो सका।

माता रुक्मिणी धनोरा बालिका आश्रम में बड़ी लापरवाही उजागर

बालिका आश्रम के खाने में छिपकली, 1 छात्रा की मौत

■ 35 से अधिक बच्चे बीमार

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर के माता रुक्मिणी धनोरा बालिका आश्रम में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां बच्चों को परोसे जाने वाले खाने में छिपकली मिली थी, जिसके बाद 35 से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे। इन्हीं में से एक छात्रा की अब मौत हो गई। वहीं अब भी 35 बच्चे बीमार है, जिसमें से 9 बच्चे आईसीयू में भर्ती बताएं जा रहे है।

मृतक छात्रा शिवानी तेलम को कल देर रात मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रेफर किया गया था। बच्ची ने भैरमगढ़ में दम तोड़ दिया। वह मूलतः बीजापुर ब्लॉक के तूमनार की रहने वाली थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि अधीक्षिका की लापरवाही से बच्चे की मौत हुई। परिजनों ने भोजन में एक्सपायरी डेट के पनीर, दूध के उपयोग करने का लगाया है और दोषी कर्मचारी, अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

परिजनों ने आश्रम अधीक्षिका पर लगाए आरोप

परिजनों ने आरोप लगाए कि अधिक्षिका की लापरवाही से बच्चे की हुई मौत, परिजनों का ये भी आरोप है कि मेनू के अनुसार भोजन नहीं परोसा जा रहा था. भोजन में एक्सपायरी डेट के पनीर, दूध के इस्तेमाल करने का भी आरोप परिजनों ने लगाया है. परिजनों ने ऐसे कर्मचारी, अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की है।

शंभू बॉर्डर से सरवन सिंह पंधेर का ऐलान

14 दिसंबर को दिल्ली कूच करेगा 101 किसानों का जत्था

चंडीगढ़(ए.)। पंजाब हरियाणा सीमा के पास शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक बार फिर मंगलवार को दिल्ली कूच का एलान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि 101 किसानों का जत्था 14 दिसंबर को दिल्ली की तरफ बढ़ेगा। मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा और किसान-मजदूर संघर्ष समिति की सामूहिक बैठक हुई। इसके बाद आगामी निर्णय लिया गया। पंधेर ने साफ किया कि किसान भागने वाले नहीं हैं, बल्कि सरकार को भगाएंगे।

जगजीत डल्लेवाल का वजन 11 किलो घटा

इस बीच किसान संगठनों के बड़े नेता शंभू बॉर्डर से खनौरी बॉर्डर पहुंच गए हैं। किसानों ने यहां मंगलवार को सामूहिक भूख हड़ताल रखा। सोमवार को किसान नेता काका सिंह कोटडा ने मंच से कहा कि संयुक्त मोर्चा के प्रमुख जगजीत डल्लेवाल की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। उनका वजन करीब 11 किलो कम हो गया है। वह काफी कमजोरी महसूस कर रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जेपी नड्डा 13 को मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर करेंगे बैठक

निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड में नियुक्ति पर भी हो सकता है निर्णय

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 13 दिसंबर को एक दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। सरकार के एक साल पूरे होने पर सरकार

के कामकाज की समीक्षा करने के साथ साथ सरकार में रिक्त मंत्री पद पर भी विचार मंत्रणा की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में फिलहाल कोर ग्रुप के पदाधिकारियों को ही आमंत्रित किया गया है। जेपी नड्डा के आगमन को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसी कड़ी में 11 दिसंबर को शाम 6 बजे भाजपा की एक अहम बैठक बोरियाकला स्थित भाजपा कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में प्रस्तावित की गई है।

इसमें नड्डा के कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श होगा। वहीं संगठन चुनाव के मद्देनजर कुछ निर्णय हो सकते हैं। इसके अलावा भाजपा कार्यालय में ही लगी भाजपा के संस्थापकों की प्रतिमा का पुनः अनावरण होगा। बताया गया कि इन प्रतिमाओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को न्याय दिलाने उठाएंगे आवाज

नई दिल्ली (वार्ता)। भीम आर्मी के चीफ और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद आज संसद भवन के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध जताया और हाथ में तख्ती लेकर इंसाफ की मांग की। चंद्रशेखर आजाद का कहना है कि छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज को न्याय दिलाने के लिए वे हर मंच पर आवाज उठाएंगे. उन्होंने कहा, जब तक सतनामी समाज को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक मेरा धरना जारी रहेगा। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने 15 मई 2024 को छत्तीसगढ़

के गिरौदपुरी धाम की अमर गुफा में जोड़ा जैतखाम को काटने की घटना और 10 जून 2024 को बलौदाबाजार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिग्गज राजनेता एस एम कृष्णा का 92 वर्ष में निधन

बेंगलुरु (वार्ता)। कर्नाटक और भारत के सबसे प्रतिष्ठित राजनेताओं में से एक और पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा का मंगलवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आधुनिक बेंगलुरु के वास्तुकार माने जाने वाले कृष्णा ने कुछ समय तक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद आज सुबह 2:45 बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली।

भारतीय राजनीति में एक महान व्यक्तित्व, कृष्णा का शानदार करियर दशकों तक रहा, जो ऐतिहासिक उपलब्धियों और शासन के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को चिह्नित करता है। उनका जन्म एत मई, 1932 को मांड्या जिले के सोमनहल्ली गांव में हुआ। उन्होंने 1962 में मद्दूर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले एक स्वतंत्र विधायक के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल (1999-2004) अभूतपूर्व ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

कार्यक्रम... राज्यपाल अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

बुजुर्गों का सम्मान, हमारी महान संस्कृति की धरोहर : राज्यपाल पटेल

भोपाल/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि माता-पिता, ब?-बुजुर्गों का सम्मान हमारी महान संस्कृति की धरोहर है। उनके प्रति आदर और संस्कार घर से ही विकसित होते है। उन्होंने रामायण में उल्लेखित माता-पिता और बुजुर्गों के सम्मान पर आधारित प्रसंगों का जिक्र भी किया। राज्यपाल श्री पटेल अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर प्रशासनिक अकादमी में आयोजित कार्यकम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मध्यप्रदेश राज्य मानव अधिकार आयोग की विषय पर आधारित वरिष्ठ नागरिकों की देख-भाल, सुरक्षा, सामाजिक जिम्मेदारी, कानूनी सुरक्षा और मानव अधिकार

'स्मारिका' का लोकार्पण भी किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ बुजुर्गों को अपने खान-पान और सेहत का विशेष ध्यान रखना होता है। परिजन बुजुर्गों के प्रति हमेशा संवेदनशीलता और कृतज्ञता का भाव रखे। उन्होंने मानव अधिकारों के संरक्षण के प्रति जनजागरण के प्रयासों के लिए आयोग को साधुवाद दिया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मानव अधिकार नैसर्गिक अधिकार है। ये अधिकार व्यक्ति का स्वाभिमान, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करते है। इन अधिकारों तक समाज के अंतिम क?ी के व्यक्ति की सुलभ पहुँच हो, इसकी जिम्मेदारी सरकार के साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भी है। उन्होंने कहा कि राज्य मानव अधिकार आयोग की भूमिका, मानवाधिकारों के रक्षक और संरक्षक के रूप में है। आयोग वंचित और गरीब वर्ग की आशा और विश्वास के केन्द्र में है। सरकार और समाज का मार्गदर्शक भी है।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान, हमारे संस्कारों और संवेदनशीलता से जु?ा विषय है। वरिष्ठ नागरिक, हमारे परिवार और समाज के लिए धरोहर होते है, अनुभव का खजाना होते है। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना का लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि बुजुर्ग चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया होते हैं। उनके पास जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के समाधान का अनुभव है। बुजुर्ग शारीरिक रूप से कमजोर हो सकते हैं, लेकिन उनका अनुभव अमूल्य है। युवाओं को चाहिए कि वे बुजुर्गों के सान्निध्य में रहें, उनके अनुभव का लाभ लें और उन्हें सम्मान दें। वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति न केवल परिवार की ताकत है, बल्कि समाज की भी अमूल्य धरोहर है। उनकी सेवा और सम्मान ही हमारी संस्कृति का आधार है। यदि हम अपने मूल्यों और परंपराओं का सम्मान करेंगे, तो निश्चित रूप से विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होंगे। वरिष्ठ नागरिकों के प्रति कृतज्ञता और आदर की भावना ही समाज की खुशहाली की सच्ची राह है। मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री मनोहर ममतानी ने कहा कि भारतीय परिवेश में वृद्धजनों के आर्थिक, सामाजिक और वैधानिक संरक्षण किये जाने की आवश्कता है। उन्होंने कहा कि आयु एक सतत् अपरिवर्तनीय **शेष पृष्ठ 5 पर**

राहुल गांधी पर भड़की मोदी सरकार- टीशर्ट पहनकर संसद में तमाशा, कुछ गरिमा बनाकर रखें

नई दिल्ली। संसद में अडानी, जॉर्ज सोरोस से सोनिय गांधी के लिंक जैसे मुद्दों पर जोरदार हंगामा जारी है। राहुल गांधी ने तो सोमवार को नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी के मुखौटा लाए दो सांसदों का मॉक इंटरव्यू भी लिया था। लेकिन अंदर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा जारी रहा और दोनों सदनों को कई बार स्थगित करना पड़ा। इस बीच केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर तमाशा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ये लोग सदन की कार्यवाही नहीं चलने दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आखिर कांग्रेस टीशर्ट पहनकर तमाशा क्यों करती है। इस बीच मंगलवार को एक बार संसद की कार्यवाही शुरू होते ही स्थगित हो गई।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं एक बात साफ कर दूं कि जनता के हित के लिए जो भी बिल लाने होंगे, हम लेकर आएंगे। लेकिन हम चाहते हैं कि बिलों पर चर्चा हो। इसलिए एकतरफा पास नहीं करना चाहते। चर्चा होने से संसद की गरिमा बढ़ेगी। इस बीच कांग्रेस की नई सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि हम तो चर्चा चाहते हैं। सरकार ही सदन में परेशानी खड़ी कर रही है और संसद नहीं चलने दे रही।

बता दें कि राज्यसभा में भी सोमवार को हंगामा हुआ और खरगे ने तो सीधे स्पीकर जगदीप धनखड़ पर ही सवाल उठा दिया और कहा कि आप तय करके आए हैं कि विपक्ष को बोलने ही नहीं दिया जाएगा। ऐसा करके आप लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। आपने मंत्री को बोलने दिया, पर हमें मौका नहीं मिला।

कांग्रेस को सदन की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए

किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी को समझाने की जरूरत है। हमारे पास बिल पास कराने के लिए जरूरी संख्या है। कांग्रेस को सदन की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए और चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए। वहीं अडानी के मसले पर कांग्रेस के प्रदर्शन पर भी मंत्री ने सवाल उठाया। किरेन रिजिजू ने कहा कि अमेरिकी अदालत के मामले को लेकर यहां तमाशा करने से क्या फायदा होगा। राज्यसभा में तो सभी दलों के सांसद चाहते हैं कि सदन चले। हमसे सपा, कांग्रेस, टीएमसी समेत कई दलों के सांसद मिले हैं और बोले कि सदन चलना चाहिए। इस पर मैंने कहा कि राहुल गांधी को समझाओ। उन्हें आम लोगों से तो कोई लेना-देना नहीं है। उनका अपना स्टाइल है और तमाशा करते रहते हैं।

न्यूज गैलरी

सतारा के एक गांव ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने का संकल्प लिया

मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद तमाम विपक्षी दलों की तरफ से ईवीएम को नतीजों को लेकर असंतोष जताया गया। इस कड़ी में महाराष्ट्र के दो गांवों की तरफ से एक प्रस्ताव पारित किया गया है कि, वे आगामी सभी विधानसभा चुनावों में सिर्फ बैलेट पेपर का इस्तेमाल करेंगे। जानकारी के मुताबिक, सतारा जिले की कोलेवाड़ी ग्राम सभा ने भविष्य में बैलेट पेपर से चुनाव कराने का संकल्प लिया है। इस तरह यह राज्य का दूसरा गांव बन गया है जिसने ईवीएम के खिलाफ ऐसा प्रस्ताव पारित किया है। यह गांव कराड (दक्षिण) विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसका प्रतिनिधित्व पहले वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण करते थे। यहां पर हालिया विधानसभा चुनाव में पृथ्वीराज चव्हाण भाजपा उम्मीदवार अतुल भोसले से 39 हजार 355 मतों से हार गए थे कोलेवाड़ी के निवासियों की तरफ से ईवीएम के जरिए डाले गए वोटों पर संदेह जताए जाने के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रस्ताव सोलापुर के मालशिरस निर्वाचन क्षेत्र के मरकडवाडी के ग्रामीणों के एक वर्ग की तरफ से ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह व्यक्त करते हुए मतपत्रों का उपयोग करके नकली 'पुनर्मिलन' कराने की कोशिश के कुछ दिनों बाद पारित किया गया था। हालांकि प्रशासन और पुलिस ने उनके प्रयास को विफल कर दिया, जिसके कारण मामले दर्ज किए गए।

हाथरस में कंटेनर और मैक्स की भिडंत, 5 की मौत, 13 घायल

हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, हाथरस जंक्शन के गांव जैतपुर के पास मथुरा-बरेली मार्ग पर कंटेनर और मैक्स के बीच भीषण टक्कर हो गई।

संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल के महत्व पर बल दिया

साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नये खतरे : मुर्मु

नई दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन को मानवाधिकारों के लिए नए खतरे करार देते हुए ऐसे सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल के महत्व पर बल दिया है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा हो।

मुर्मु ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में कहा, मानवाधिकार दिवस पर, हमें न्याय, समानता और सम्मान के मूल्यों के प्रति नये सिरे से अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता करनी चाहिए जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। एक साथ, निरंतर प्रयास और एकजुटता के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जिसमें हर व्यक्ति, चाहे उसकी उम्र, पृष्ठभूमि या परिस्थिति कुछ भी हो, सम्मान, अवसर और पूर्णता का जीवन जीने के लिए सशक्त हो।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार सभी के लिए आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वच्छता, बिजली, रसोई गैस और वित्तीय सेवाओं से लेकर स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की गारंटी भी देती है। बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान को अधिकारों के मामले के रूप में देखा जाता है।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, हम उभरती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। डिजिटल युग, परिवर्तनकारी होने के साथ-साथ अपने साथ साइबरबुलिंग, डीपफेक, गोपनीयता संबंधी चिंता और गलत सूचना के प्रसार जैसे जटिल मुद्दे लेकर आया है।

ये चुनौतियाँ एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करती हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का समाधान कर रहा है और कई नई समस्याएँ भी पैदा कर रहा है। अब तक मानवाधिकारों का विमर्श मानव एजेंसी पर केंद्रित रहा है, यानी उल्लंघनकर्ता को एक इंसान माना जाता है, जिसमें करुणा और अपराधबोध जैसी मानवीय भावनाएँ होती हैं। हालाँकि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में अपराधी कोई गैर-मानव लेकिन बुद्धिमान एजेंट हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में, मानसिक स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है, खासकर बच्चों और युवाओं के लिए। उन्होंने सभी हितधारकों से बच्चों और युवाओं को प्रभावित करने वाले तनाव को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय शुरू करने की अपील की।

जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है : मुर्मु

मुर्मु ने कहा कि जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है। एक अलग जगह और एक अलग युग के प्रदूषक दूसरे स्थान और दूसरे काल के लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज़ के रूप में भारत ने जलवायु कार्रवाई में सही ढंग से नेतृत्व संभाला है। सरकार की पहल, जैसे कि 2022 ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, ग्रीन क्रेडिट पहल और पर्यावरण के लिए जीवनशैली, या 'लाइफ' आंदोलन, भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित ग्रह के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रदर्शन हैं।

सार्वजनिक नीति-निर्धारण में तीन दशकों का अनुभव

सभी दृष्टिकोणों को समझ अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम कार्य करूंगा

नई दिल्ली। राजस्व सचिव और नवनियुक्त आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा 11 दिसंबर को पदभार संभालेंगे। नियुक्ति के बाद उन्होंने कहा कि वह सभी दृष्टिकोणों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करेंगे। वित्त मंत्रालय के बाहर संवाददाताओं सवालों का जवाब देते हुए मल्होत्रा ने कहा, कोई भी हो उसे क्षेत्र, सभी दृष्टिकोणों को समझना होगा और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम कार्य करना होगा। 56 वर्षीय मल्होत्रा, वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव हैं, उन्हें सोमवार शाम को सरकार ने केंद्रीय बैंक के अगले गवर्नर के रूप में शक्तिकांत दास का स्थान लेने के लिए नामित किया है। राजस्थान कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी मल्होत्रा को सार्वजनिक नीति-निर्धारण में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उनके पास बिजली, वित्त और कराधान जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता है। उन्हें ऐसे समय पर आरबीआई की कमान सौंपी जा रही है जब भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी विकास दर और लगातार बढ़ रही महंगाई की दोहरी चुनौती का सामना कर रही है। हालांकि शक्तिकांत दास ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए लगभग दो वर्षों तक बेंचमार्क ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा, लेकिन आने वाले गवर्नर के बारे में कहा जाता है कि वे एक टीम प्लेयर हैं, जिनका मानना है कि कीमतों को अकेले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से काबू में नहीं रखा जा सकता और इस काम के लिए सरकार की मदद भी जरूरी है। मल्होत्रा ऐसे समय में आरबीआई के 26वें गवर्नर का पदभार संभाल रहे हैं जब नीति-निर्धारकों पर विकास को गति देने के लिए ब्याज दरों में कटौती करने का दबाव है। जुलाई-सितंबर की अवधि में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अक्तूबर में मुद्रास्फीति बढ़कर 14 महीने के उच्च स्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई। आरबीआई के लिए सरकार की ओर से निर्धारित मुद्रास्फीति लक्ष्य 4 प्रतिशत है, जो दो प्रतिशत अधिक या कम हो सकता है।

हिंदुओं पर अत्याचार मगर भारत से राहत बांग्लादेश ने विदेश सचिव से उठाई मांग

ढाका। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बीच बांग्लादेश की यूनुस सरकार, भारत से रहम की उम्मीद कर रही है। बांग्लादेश की सरकार ने एक कदम आगे बढ़ते हुए ये तक डिमांड कर दी कि भारत में अपने नागरिकों की वीजा संख्या बढ़ाई जाए। सोमवार को भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के शीर्ष नेताओं के बीच हुई वार्ता में यह मुद्दा प्रमुख रूप से उठा। बांग्लादेश के पर्यावरण, वन और जलवायु सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने दावा किया कि मिस्री ने बांग्लादेशी नागरिकों के लिए वीजा बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

हाल के दिनों में प्रभावित हुए दोनों देशों के संबंध

गौरतलब है कि बांग्लादेश में हाल के महीनों में हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं। ये घटनाएं तब शुरू हुई जब शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद देश में राजनीतिक अस्थिरता का दौर शुरू हुआ। इन घटनाओं ने न केवल बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए संकट पैदा किया है, बल्कि भारत के साथ उनके संबंधों को भी प्रभावित किया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, में भारत के विदेश सचिव मिस्री ने बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जसीम उद्दीन और अन्य नेताओं के साथ वार्ता की। इसके बाद सईदा रिजवाना हसन ने कहा, "भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने के लिए विदेश सचिव मिस्री ने वीजा विस्तार की प्रक्रिया तेज करने का वादा किया है।" हसीना सरकार के पतन के बाद भारत ने अस्थायी रूप से वीजा सेवाएं रोक दी थीं, लेकिन बाद में इन्हें सीमित रूप में शुरू किया गया। वर्तमान में केवल चिकित्सा और आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए वीजा दिए जा रहे हैं। बांग्लादेशी सलाहकार ने कहा कि वीजा प्रक्रिया पूरी तरह से बहाल करने के लिए भारत को ठोस कदम उठाने चाहिए।

हिंदुओं पर हमले जैसे मुद्दों से बचती रही है यूनुस सरकार

वहीं हिंदुओं पर हमले और मंदिरों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं भारत के लिए चिंता का विषय रही हैं। बांग्लादेश के हिंदू समुदाय ने कई बार भारत से हस्तक्षेप की अपील की है। हालांकि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार इस मुद्दे पर भारत के साथ चर्चा करने से बचती रही है। दिलचस्प है कि मिस्री की यात्रा के पहले, बांग्लादेश के प्रधान सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इस दौरान वीजा प्रक्रिया और हिंदुओं की स्थिति दोनों पर चर्चा हुई।

केरल हाईकोर्ट की त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड को फटकार

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने मंगलवार को मंदिरों में फ्लेक्स बोर्ड के जरिए राजनीतिक संदेश देने के मामले में अहम टिप्पणी की है। उच्च न्यायालय ने कहा कि मंदिरों में राज्य सरकार या त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड (टीडीबी) को बधाई देने वाले फ्लेक्स बोर्ड्स को लगाने की अनुमति भी नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने कहा कि भक्त वहां भगवान के दर्शन करने जाते हैं, न कि मुख्यमंत्री, विधायकों या टीडीबी के सदस्यों का चेहरा देखने।

बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा कानून; ऐसा बोलकर फंसे जज शेखर यादव

नई दिल्ली। देश का कानून बहुसंख्यकों के हिसाब से चलेगा क्योंकि घर या फिर समाज में भी बहुमत की राय को ही माना जाता है। ऐसा बोलकर आलोचना का शिकार हो रहे इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद की लीगल सेल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में यह बयान दिया था। इसके अलावा उन्होंने देश के एक अल्पसंख्यक वर्ग के लिए 'कठमुल्ला' शब्द का भी प्रयोग किया था। इसे लेकर तमाम वकीलों समेत लीगल प्रोफेशन की हस्तियों ने ही आपत्ति जताई है कि आखिर एक जज कैसे इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर सकता है।

फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने अखबारों में छपी रिपोर्ट्स का संज्ञान लिया है। इसके आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय से शेखर कुमार यादव के बयान से जुड़ी चीजें भेजने को कहा है। उनके बारे में अन्य डिटेल्स भी मांगी गई है। फिलहाल इस मामले में जांच जारी है। इस मामले में कैंपेन फॉर जुडिशियल अकाउंटेबिलिटी ऐंड रिफॉर्म्स (ष्ट्ठक्र) नाम की संस्थान ने जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को पत्र भी लिखा है। इसमें कहा गया है कि जस्टिस यादव ने जिस तरह का बयान दिया है, वह अक्षम्य और अवांछनीय है। लेटर में लिखा गया, 'ऐसे बयान से आम नागरिकों के मन में न्यायपालिका की स्वायत्ता और निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा होता है। ऐसे में इस मामले में आपकी ओर से ऐक्शन की जरूरत है।'

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को लिखे पत्र में ष्ट्ठक्र ने कहा कि जस्टिस यादव ने मुस्लिम समुदाय के लिए बेहद आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया है। यह उच्च न्यायालय जैसी संस्था की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य है। इसके अलावा उनका मुस्लिमों को लेकर दिया गया बयान संविधान के आर्टिकल 12, 21, 25 और 26 का उल्लंघन करता है। चीफ जस्टिस से की गई शिकायत में कहा गया है कि एक समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक बयान से आम लोगों में न्यायपालिका की आखिर क्या छवि बनी होगी? न्यायपालिका की स्वायत्ता और निष्पक्षता को लेकर भी लोगों के मन में धारणा खराब होगी।

बांग्लादेश में बौखलाए मुस्लिम नेता, भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान

जयपुरिया चादरों में लगाई आग

ढाका। भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्ते और तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। पड़ोसी देश की मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (ब्नह्क्र) के एक वरिष्ठ नेता ने भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान किया है और प्रतीक के तौर पर जयपुर निर्मित चादरों को जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया है। ढाका की सड़कों पर यह सब तब किया गया, जब दो दिवसीय दौरे पर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ढाका के दौरे पर हैं। मिसरी ने अपने दौरे के पहले ही दिन अपने बांग्लादेशी समकक्ष से दो टूक लहजे में कहा है कि हिन्दुओं और हिन्दू धर्मस्थलों की रक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने अपने समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ बैठक के दौरान अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण सहित भारत की चिंताओं से अवगत कराया। इसके अगले दिन विपक्षी पार्टी के संयुक्त महासचिव एडवोकेट रूहुल कबीर रिजवी ने राजशाही नगर में भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान किया और कथित तौर पर जयपुर में निर्मित चादरों को बीच सड़क पर आग के हवाले कर दिया। इस दौरान बीएनपी नेता ने प्रिंटेड चादरों को दिखाते हुए कहा, यह चादर भारत के राजस्थान की राजधानी जयपुर में बनी है। यह चादर जयपुर के कपड़ा उद्योग द्वारा बनाई गई है... हम भारतीय आक्रमण के खिलाफ विरोध जताने के लिए इसे जला रहे रहे हैं और भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का ऐलान करते हैं। ऐसा कहकर रिजवी ने उस चादर को सड़क पर फेंक दिया और पार्टी कार्यकर्ताओं से उसे जलाने को कहा। इसके बाद चादर पर केरोसिन तेल छिड़कर उसे आग लगा दिया गया। इस दौरान कई बांग्लादेशी नागरिकों को चादर को पैरों से रौंदते हुए और भारत विरोधी नारा लगाते हुए देखा गया। रिजवी ने ये भी कहा कि भारत की दोस्ती शेख हसीना तक ही थी।

कूटनीति... | **मीडिया कवरेज के बदले एक मीडिया कंपनी को लाभ पहुंचाया**

पहली बार कटघरे में खड़े हुए नेतन्याहू, बहुत गंभीर हैं आरोप, सरकार गिरने की नौबत

तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को अपने भ्रष्टाचार मामले में गवाही दी। यह देश के इतिहास में पहला मौका है जब कोई वर्तमान प्रधानमंत्री बतौर अपराधी अदालत में खड़ा हुआ। यह ऐतिहासिक घटना उस समय हो रही है जब गाजा में युद्ध, सीरिया में इजरायली सेना की कार्रवाई और लेबनान में संघर्षविराम की स्थिति बनी हुई है।

क्या है पूरा मामला?

नेतन्याहू पर धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के तीन अलग-अलग मामलों में आरोप लगाए गए हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर निजी लाभ लिया, करोड़ों रुपये के तोहफे (शैम्पेन, सिगार, गहने) अरबपतियों से कूटनीतिक फायदे के बदले में स्वीकार किए और मीडिया कवरेज के बदले एक मीडिया कंपनी को लाभ पहुंचाया। नेतन्याहू के सहयोगी और परिवहन मंत्री मिरी रेगेव ने अदालत के बाहर इसे ÷शर्मनाक÷ बताया कि प्रधानमंत्री को गवाही के लिए बुलाया गया जबकि गाजा में युद्ध चल रहा है।

युद्ध और गवाही के बीच टकराव

वहीं, विपक्ष और जनता का एक बड़ा वर्ग इस सुनवाई को लोकतंत्र के लिए अहम मान रहा है।

नेतन्याहू की हार की संभावना

विशेषज्ञों का मानना है कि यह सुनवाई नेतन्याहू की राजनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकती है। यदि सुनवाई में नए खुलासे होते हैं, तो सार्वजनिक दबाव के चलते नए चुनाव की मांग तेज हो सकती है। वर्तमान जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, नेतन्याहू की हार की संभावना अधिक है।

नेतन्याहू की गवाही कई हफ्तों तक चलेगी। पहले उनके वकील सवाल पूछेंगे, फिर सरकारी पक्ष की जिरह होगी। इस बीच, नेतन्याहू गाजा में बंधकों की रिहाई के लिए चल रही बातचीत को गति देकर जनता का समर्थन जुटाने की कोशिश कर सकते हैं।

जनता की प्रतिक्रिया

नेतन्याहू के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी हैं। "होस्टेज स्क्वायर÷ पर प्रदर्शनकारी उनके खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। गाजा में फंसे बंधकों के परिवारों ने भी प्रधानमंत्री पर युद्ध को राजनीतिक बचाव के लिए खींचने का आरोप लगाया है। नेतन्याहू के सामने दोहरी चुनौती है—न्यायालय में खुद को निर्दोष साबित करना और सरकार को गिरने से बचाना। उनकी गठबंधन सरकार में शामिल दक्षिणपंथी दलों ने गाजा से सेना हटाने पर सरकार गिराने की धमकी दी है। ऐसे में, सुनवाई और युद्ध दोनों नेतन्याहू के राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे। इजरायल के लिए यह वक्त लोकतंत्र और न्याय के प्रति जनता के विश्वास की परीक्षा का है।

राजनीतिक संकट के बीच सुनवाई

वैसे तो नेतन्याहू के खिलाफ यह सुनवाई यरुशलम जिला अदालत में हो रही है, लेकिन सुरक्षा कारणों से इसे तेल अवीव के एक बंकर में बनी अदालत कक्ष में आयोजित किया जा रहा है। उनके गवाही देने का समय मंगलवार सुबह 10 बजे निर्धारित किया गया था। सुनवाई में नेतन्याहू खुद को "वामपंथी साजिश" का शिकार बता रहे हैं। सोमवार रात एक टीवी कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, "मैं वर्षों से इस साजिश का सच सबके सामने लाने का इंतजार कर रहा था। अब यह मौका आया है।"

किसान की आय दोगुना करने में पशुपालन गतिविधियों का विशेष योगदान : मंत्री पटेल

पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक

भोपाल/नवप्रदेश। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। किसान की आय दोगुना करने में पशुपालन गतिविधियों का विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं में पशुपालन गतिविधियों में किसानों को लगभग 50त्न अनुदान विभाग द्वारा दिया जाता है। विभागीय अधिकारी किसानों को पशुपालन के लिए प्रेरित करें और उनको शासन की योजनाओं का पूरा लाभ दें। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के दौरान पशुपालन शिविर लगाया जाए और पशुपालन योजनाओं के अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत किए जाएं। पशुपालन राज्य मंत्री श्री पटेल ने आज पशुपालन संचालनालय के सभागार में विभाग की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन श्री उमाकांत उमराव, संचालक पशुपालन सहित सभी संभागों के संयुक्त संचालक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री पटेल द्वारा संभागवार विभागीय समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि विभाग की चलित पशु चिकित्सा वाहनों का समुचित रखरखाव किया जाए। यह योजना अत्यधिक लोकप्रिय हुई है और पशुपालक बड़ी संख्या में अपने पशुओं का इलाज करवा रहे हैं। प्रदेश में 406 लाख पशुओं की आबादी है, प्रति 1 लाख पशु आबादी पर एक वाहन (कॉल सेंटर 1962) संचालित है।

मंत्री श्री पटेल ने निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत पशुपालकों को कुक्कुट पालन, बकरी पालन, शूकर पालन और चरी/चारा उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए। बड़े शहरों में कड़कनाथ विक्रय से पशुपालक किसानों को अच्छा मुनाफा प्राप्त हो सकता है। महिला स्व-सहायता समूह को राष्ट्रीय पशुधन मिशन की गतिविधियों से जोड़ा जाए। योजना अंतर्गत स्व सहायता समूह को कुक्कुट पालन के लिए कई यूनिट प्रदाय की जाए। केंद्र सरकार को एक यूनिट में 100 कुक्कुट प्रदाय करने का प्रस्ताव भिजवाया जाए। वर्तमान में एक यूनिट में 40 कुक्कुट प्रदाय किए जाते हैं।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पशुपालक किसानों को साइलेज के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया जाए। भूसे की तुलना में साइलेज पशुओं के लिए अधिक पौष्टिक होता है, पशु में दूध की मात्रा बढ़ता है और इसकी कीमत भी कम होती है। यह मक्के की चारी और नेपियर घास से बनता है। किसान चरी/चारा उत्पादन कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। चरी/चारा उत्पादन योजना में शासन की ओर से 50त्न अनुदान है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पालतू और उन्मुक्त विचरण करने वाले पशुओं की पहचान के लिए यह आवश्यक है कि उनकी टैगिंग अलग-अलग रंग से की जाए। मुख्यमंत्री गौ सेवा योजना के अंतर्गत निर्मित गौशालाओं में पशुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। बड़ी गौशालाओं में गोबर गैस संयंत्र लगाने के प्रयास किए जाएं।

प्रमुख सचिव पशुपालन श्री उमराव ने कहा कि अधिकारी पशु बीमा के लंबित प्रकरणों का बीमा अधिकारियों से निरंतर संपर्क कर निराकरण कराएं। यदि संबंधित बीमा कंपनियां बेवजह किसानों के बीमा दावे रोकती हैं तो उपभोक्ता फोरम में प्रकरण दर्ज कराएं। सभी किसानों को पशु बीमा की दावा राशि दिलाए जाना सुनिश्चित करें।

■ न्यूज गैलरी

भोपाल की हवा को सुधारने के लिए छिड़का पानी

फव्वारों से पेड़-सड़कों पर पानी का छिड़काव; 39 गाड़ियां दौड़ी

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल की हवा को सुधारने के लिए नगर निगम ने सड़कों और पेड़-पौधों पर पानी छिड़का। मंगलवार को कुल 39 गाड़ियों के जरिए यह काम किया गया। निगम ने वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए यह किया। नगर निगम ने वाहनों की जन जागरूकता रैली का आयोजन भी किया। रैली का शुभारंभ महापौर मालती राय ने निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की मौजूदगी में किया। रैली में जन-जागरूकता संदेश युक्त बैनर लगे 39 वाहन शामिल रहे। इनमें से 25 वाहनों से जेटिंग स्प्रे के माध्यम से पानी का छिड़काव भी सड़क पर किया। एमआईसी मेंबर रविंद्र यति, आरके सिंह बघेल आदि भी मौजूद थे।

स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी भी

रैली के बहाने नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण की भी तैयारी की। दरअसल, सर्वेक्षण के लिए जल्द ही दिल्ली से टीम भोपाल आने वाली है। ऐसे में निगम का सफाई को लेकर खासा जोर है। महापौर, अध्यक्ष और कमिश्नर हर रोज विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। ताकि, सफाई व्यवस्था सही ढंग से हो सके।

जहां से गुजरी रैली, वहां सड़क की धुलाई

पॉलीटेक्निक चौराहे से रैली शुरू हुई, जो शहर के कई इलाकों से गुजरी। रैली जिन इलाकों से गुजरी, वहां की सड़कों की धुलाई की गई। भारत माता चौराहा होते हुए जवाहर चौक, रंगमहल, रोशनपुरा, अपेक्स बैंक तिराहा, लिंक रोड नंबर-1, 1250 अस्पताल चौराहे से वल्लभ भवन पर पहुंची। वायु गुणवत्ता सुधार जन जागरूकता रैली में 25 जेटिंग स्प्रे युक्त वाहन, 10 रोड स्वीपर व 4 फागर मशीनें शामिल थीं। इन सभी वाहनों पर वायु गुणवत्ता सुधार, पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के प्रति जागरूकता के संदेश युक्त बैनर लगाए गए हैं। रैली में शामिल वाहनों के माध्यम से रैली मार्ग पर वाटर फॉगिंग की गई। ताकि धूल के सूक्ष्म कण पानी के साथ जमीन पर रहे और वातावरण शुद्ध हो सके।

ड्यूटी से गायब मिले 44 नपा कर्मचारी: महापौर ने 1 दिन का वेतन काटा

नोटिस देकर मांगा जवाब; वाइन शॉप पर लगाया जुर्माना

रतलाम/नवप्रदेश। रतलाम शहर में सफाई व्यवस्था की स्थिति खराब है। महापौर प्रहलाद पटेल और नगर निगम कमिश्नर हिमांशु भट्ट लगातार शहर में सफाई व्यवस्था जांचने निकल रहे है। वार्डों में बिना सूचना के सफाई मित्र गायब मिल रहे है, ऐसे में उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ड्यूटी से गायब 44 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की गई। मंगलवार को महापौर ने अमृत सागर क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 19 और बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाए। जहां पर भी कचरा और गंदगी पाई तो निलंबन, सेवा से पृथक करने की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों में बिना सूचना के ड्यूटी से गायब 44 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि रतलाम नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

वार्ड 13 में निगमायुक्त ने देखी व्यवस्था

इसी तरह नगर निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने वार्ड क्रमांक 13 अंबेडकर नगर, राम मंदिर, अंबेडकर मांगलिक भवन आदि की सफाई व्यवस्था देखी। सज्जन मिल रोड स्थित वाईन शॉप संचालक द्वारा कचरा और गंदगी फैलाने पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया।

यह मिले अनुपस्थित

निरीक्षण के दौरान सफाई मित्र गुंजा-हरीश, हरीश-प्रकाश, बबीता-सतीश, सतीश-गोरधन, विक्की-दिनेश, गंगाबाई-कमलेश, राजुबाई-अर्जून, सुनिताबाई-दिलीप, मनीष-रामसिंह, शंकर-अशोक, मनीष-श्यामलाल, गीताबाई-राजू, अर्जून-छगनलाल, रमेश-राजेन्द्र, अर्जून-दीपक, गीताबाई-मोहन, सुन्दर-प्रकाश, अवतार-धनराज, भागाबाई-शांतिलाल, कमलाबाई-लच्छु, मंगल-बाबुलाल, सीताबाई-रामस्वरूप, भुपेन्द्र-हुक्मीचन्द, संजीव-सुभाष, शीलाबाई-सुभाष, निर्मलाबाई-दिनेश, विनय-किरण, लोकेश-दिनेश, बाबा-रामपाल, रवि-शंकरलाल, संजय-सज्जन, कमल-रामपाल, गौरव-विजय, सुनिल-मनोहर, संतोष-प्रभु दयाल, अर्जुन-गोविंद, प्रकाश कैलाश व रानी-बाई-राजेश, इस तरह 44 कर्मचारी बिना सूचना के ड्यूटी से गायब पाए गए। जिनका एक दिवस का वेतन काट बर्खास्त, निलंबन का कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जबलपुर के घंसौर में घर में घुसकर महिला की हत्या

तीन बदमाशों ने किए धारदार हथियार से सात वार, सरपंच पर जमीन विवाद में मर्डर कराने का आरोप

जबलपुर/नवप्रदेश। जबलपुर से करीब 45 किलोमीटर दूर शहपुरा थाना के ग्राम घंसौर में 45 वर्षीय महिला की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। घटना के समय महिला अपनी छोटी बहू के साथ कमरे में सो रही थी। उसका बड़ा बेटा और बहू पास वाले कमरे में थे। उसी दौरान तीन अज्ञात बदमाश आए और महिला के सिर और गले पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ सात वार किए। महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

इधर, वारदात की जानकारी मिलते ही शहपुरा थाना पुलिस एफएसएल और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची और अज्ञात हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है। महिला का नाम हीरा बाई है। महिला अपने दो बेटे-बहू और पति के साथ रहती थी। घटना के समय मृतका के पति मुन्ना लाल चौधरी जबलपुर गए हुए थे।

जमीन विवाद में सरपंच पर हत्या करवाने का आरोप

मृतका के जेठ घंसू चौधरी ने गांव के सरपंच पर हत्या करवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि बीते कुछ सालों से दुर्गेश पटेल और उमेश पटेल से विवाद चल रहा है। इससे पहले भी दोनों कई बार उनके घर में आकर गाली-गलौज कर चुके हैं। दो साल पहले गांव के सरपंच ने मृतका की जमीन पर किसी और का मकान बनवा दिया था। आपत्ति लेने पर पूरे परिवार के साथ मारपीट की गई थी। तभी से सरपंच और हीराबाई के परिवार वालों का विवाद चले आ रहा था। हीराबाई पर पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत वापस लेने और राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा था। एक माह पहले भी दुर्गेश पटेल से विवाद हुआ था। घंसू ने बताया कि देर रात गांव के छम्मन चौधरी, उसका लड़का, दुर्गेश पटेल और उसका भाई आए थे।

पास सो रही बहू को नहीं लगी भनक

जानकारी के मुताबिक सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे हीरा बाई अपनी छोटी बहू के साथ सो रही थी। उनका बड़ा बेटा-बहू दूसरे कमरे में थे, उसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधकर तीन बदमाश पहुंचे। पहले तो उन्होंने हीरा बाई का मुंह दबाया और फिर धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। हमलावर तब तक वार करते रहे जब तक कि महिला की जान नहीं निकल गई। बगल वाले पलंग पर सो रही छोटी बहू ने जैसे ही बदमाशों को देखा तो वो वहां से फरार हो गए। बहू की चीख सुनकर दूसरे कमरे में सो रहा मृतका का बड़ा बेटा-बहू भी आ गया। मृतका के बड़े बेटे ने थोड़ी दूर तक हत्यारों का पीछा भी किया। लेकिन तब तक वो फरार हो गए।

भविष्योन्मुखी रणनीति के आधार पर स्वास्थ्य सुविधाओं का करें विस्तार : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा की

भोपाल/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्यों की कार्ययोजना भविष्योन्मुखी रणनीति के आधार पर तैयार की जाए। उन्होंने जोर दिया कि भविष्य में स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक सेवाओं, उपकरणों और अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित करने के लिए निर्माण योजना में आवश्यक प्रावधान किए जाएं। यह संसाधनों के कुशल उपयोग और बेहतर प्रबंधन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मैहर, मऊगंज और सिंगरौली के नवीन ज़िला चिकित्सालय के निर्माण/उन्नयन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया की औपचारिकताएँ समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं जिससे आवश्यक पद शीघ्र भरे जा सकें और सेवाओं में कोई बाधा न आए। विधायक मैहर श्री श्रीकांत चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी, ऐग्पा के एडिशनल सीईओ श्री लोकेश शर्मा, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम और पीआईयू के अधिकारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्वालियर में भाई ने किया भाई का मर्डर: पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद

राइफल-कट्टों से किया हमला

ग्वालियर/नवप्रदेश। ग्वालियर में एक व्यक्ति की उसके चचेरे भाइयों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। जबकि भतीजे के सीने में गोली लगी है, उसे गंभीर हालत में दिल्ली रैफर किया गया है। घटनाक्रम में आधा दर्जन लोग लाठी-डंडे लगने से घायल हुए हैं। दोनों भाईयों के परिवार में पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद है। इसी जमीन पर खेत जोतने को लेकर मंगलवार दोपहर गुठीना-बहादुरपुर गांव में एक भाई के परिवार पर दूसरे भाईयों ने राइफल-कट्टों से गोलियां चला दीं। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस शव को निगरानी में लेकर पोस्टमॉर्टम करा रही है।

150 बीघा जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद

ग्वालियर के महाराजपुरा गांव निवासी निहाल सिंह गुर्जर (55) और भाई वकीला सिंह गुर्जर की गुठीना-बहादुरपुर में पुश्तैनी जमीन है। निहाल सिंह और वकीला सिंह के पिता आठ भाई थे। आठ भाइयों में पुश्तैनी जमीन का बंटवारा हुआ है। बहादुरपुर की 150 बीघा जमीन को लेकर निहाल सिंह और उनके चचेरे भाई वीर सिंह गुर्जर में विवाद चल रहा था। उन्होंने बताया- निहाल सिंह का कहना था कि जमीन हमारी है हम ही जोतेंगे, देखते हैं कौन रोकता है। मंगलवार दोपहर जब हम जमीन जोत रहे थे तो वहां वीर सिंह गुर्जर अपने परिवार के अतेंदर सिंह, बनवारी, अजय, रोकी, करन सिंह, सियाराम सिंह व चाचा शिव सिंह आ गए। वीर सिंह ने आते ही निहाल सिंह पर राइफल से सीधे गोली चला दी। चाचा को दो गोली मारीं, जो उसके सीने और पेट में लगीं और वे वहीं ढेर हो गए।

निहाल को बचाने दौड़े भाई और भतीजे को भी गोली मारी

हमलावरों के सिर पर खून सवार था। निहाल सिंह को बचाने के लिए उसके भाई वकीला सिंह और भतीजे शैलेंद्र पर दौड़े। उन पर भी हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। इतना ही नहीं उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों की लाठी-डंडों से मारपीट की है। हमले में परिवार के दयानंद, राहुल, थान सिंह व रामवीर घायल हुए हैं। गोली लगने से घायल शैलू उर्फ शैलेंद्र की हालत नाजुक है। उसे दिल्ली रैफर कर दिया है। उसके सीने पर गोली लगी है।

इन लोगों ने मारी गोलियां

घायल शैलू के पिता रामवीर सिंह ने बताया कि हमलावरों में अतेंदर सिंह, वीर सिंह गुर्जर, बनवारी, अजय सिंह गुर्जर, रॉकी सिंह, करन सिंह, सियाराम और चाचा शिव सिंह गुर्जर शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कई बार समझाया, लेकिन नहीं माने

घायल शैलू के पिता रामवीर सिंह ने बताया कि कुछ दिन से हम वीर सिंह के पिता शिवसिंह को समझा रहे थे कि चाचा देखों वो जमीन हमारी है। दादाजी ने आठ भाइयों में बराबर हिस्से बांटे थे। इसके बाद भी वीरसिंह हमारी जमीन पर कब्जा करना चाहता है।

हमीदिया अस्पताल के वार्ड बॉय-टेक्नीशियन की हड़ताल खत्म

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल के हमीदिया अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई। 500 से अधिक वार्ड बॉय और टेक्नीशियन हड़ताल पर थे। सुबह 7 बजे से सभी कर्मचारी अस्पताल के सामने धरने पर बैठे थे। हड़ताल पर बैठे वार्ड बॉय ने बताया कि हमने डीन मैडम से मुलाकात की है। उन्होंने शुक्रवार तक सैलरी और बोनस देने का आश्वासन दिया है। अगर शुक्रवार तक हमारी सैलरी नहीं आई तो हम लोग सोमवार को फिर से हड़ताल करेंगे। बता दें, हमीदिया अस्पताल में रोज 2500 से अधिक की ओपीडी रहती है। वहीं, 60 से अधिक ऑपरेशन होते हैं।

दिवाली के समय दिया था वेतन

कर्मचारियों का कहना है कि दिवाली के समय तीन महीने का वेतन बड़ी मुश्किल से दिया था। अब फिर दो माह का वेतन रोक लिया है। जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है। महंगाई के इस दौर में वैसे भी 8 हजार रुपए महीना मानदेय दिया जा रहा है। इसमें भुगतान में देरी हो रही है।

इसलिए नहीं मिल पा रही है सैलरी

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) ने एजाइल कंपनी को पिछले तीन महीने से पेमेंट नहीं किया है। इसके चलते कंपनी ने कर्मचारियों की सैलरी रोक दी। कंपनी की 15 करोड़ से अधिक की रकम जीएमसी पर बकाया होने की बात सामने आई है। दो महीने जब कर्मचारियों ने हड़ताल की थी, तब कंपनी को 1 करोड़ रुपए दिए गए। जिसके बाद कर्मचारियों की सैलरी जारी की गई। हालांकि, उसमें दिवाली बोनस नहीं था। इससे पहले इन कर्मचारियों ने तीन से चार बार कंपनी को पत्र लिखकर शिकायत की थी। पत्र के जवाब में कंपनी ने सिर्फ आश्वासन दिया था।

सुविचार

समझदार व्यक्ति को जीवन भर यह कहकर बेवकूफ बनाया जाता है कि तुम तो समझदार हो समझदारी से काम लो। - अज्ञात

बांग्लादेश को ममता की चेतावनी

बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारत सरकार ने अपने विदेश सचिव को बांग्लादेश भेजा है जो वहां इस मुद्दे पर चर्चा कर दोनों देशों के बीच बढ़ रहे तनाव को कम करने का रास्ता निकालेंगे। और वहां हो रहे हिन्दुओं के खिलाफ हमले को रोकने की मांग करेंगे। इस बीच बांग्लादेश की नेशनलिस्ट पार्टी के एक नेता ने भड़काऊ बयान दिया है कि भारत का बंगाल, बिहार और ओडिशा भी बांग्लादेश का हिस्सा है और उसे हम लेकर रहेंगे। उनके इस बयान के बाद बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि यदि बांग्लादेशी हमारी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे तो हम क्या लॉली पॉप खाते रहेंगे। बांग्लादेश को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। बांग्लादेश ने हिन्दुओं पर हो रहे हमले की भी ममता बनर्जी ने कठोर शब्दों में निंदा की है और बंगाल के लोगों से अपील की है कि वे शांति बनाये रखे और भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की बांग्लादेश से हो रही बातचीत के नतीजे का इंतजार करें। उन्होंने यह भी कहा है कि बांग्लादेश के मुद्दे पर केन्द्र सरकार द्वारा लिये जाने वाले हर फैसले के साथ बंगाल सरकार खड़ी रहेगी और विदेश मंत्रालय के दिशा निर्देशों का पालन करेगी। इस तरह का बयान देकर ममता बनर्जी ने एक परिपक्व राजनीतिज्ञ होने का परिचय दिया है। गौरतलब है कि बांग्लादेश के घटनाक्रम को लेकर पूरे भारत में आक्रोश फैलता जा रहा है। सबसे ज्यादा आक्रोश बंगाल में देखा जा रहा है जहां लगातार बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे है। ऐसे में लोगों से शांति बनाये रखने की अपील कर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सही किया है। वास्तव में यह दो देशों के बीच का मामला है और केन्द्र सरकार अपने स्तर पर पहल कर रही है। हालांकि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार लगातार भारत को उकसाने का प्रयास कर रही है। हिन्दुओं के खिलाफ हमले इसीलिए हो रहे है ताकि भड़क कर भारत बांग्लादेश के खिलाफ सैन्य कार्यवाही करे। भारत के लोग भी ऐसी मांग करने लगे है और बांग्लादेश के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करने की मांग उठने भी लगी है किन्तु केन्द्र सरकार को सभी पहलुओं पर विचार करना होता है। यदि भारत चाहे तो बांग्लादेश को चुटकियों में मसलकर रख सकता है। बांग्लादेश की भौगोलिक स्थिति इस तरह है कि वह तीन ओर से भारत से घिरा हुआ है और चौथी ओर बंगाल की खाड़ी है ऐसे में यदि भारत बांग्लादेश के खिलाफ सैन्य कार्यवाही करता है तो बांग्लादेश का अस्तित्व ही मिट जायेगा। लेकिन भारत शुरू से शांति का पक्षधर रहा है। और वह युद्ध की जगह बातचीत के जरिए समस्या का समाधान करने की नीति के प्रति कटिबद्ध रहा है इसीलिए भारतीय विदेश सचिव को द्विपक्षी वार्ता के लिए बांग्लादेश भेजा गया है। उम्मीद की जा रही है कि इस बातचीत से बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर रोक लगेगी। यदि बातचीत बेनतीजा रही तो भारत बांग्लादेश के खिलाफ कड़े कदम उठाने पर विचार करेगा इसलिए बांग्लादेश की उकसाने वाली कार्यवाही को लेकर देशवासियों को संयम से काम लेना चाहिए। भारत सरकार पर भरोसा रखना चाहिए। वह उचित समय पर सही फैसला लेगी इसे लेकर ज्यादा हाय तौबा मचाना ठीक नहीं है। खासतौर पर भड़काऊ बयानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। भारत के इमामों ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे हमले की निंदा की है और उन्होंने कहा है कि हिन्दुओं और मुस्लमानों की रगों में एक ही खून बहता है इसलिए हमें मिलकर काम करना चाहिए। ताकि बांग्लादेश में स्थिति समान्य हो। बहरहाल अब देशवासियों की नजरें विदेश सचिव के बांग्लादेश दौरे पर टिकी हुई है। आशा की जानी चाहिए कि उनके दौरे का सकारात्मक परिणाम जल्द ही सामने आयेगा।

नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की तैयारी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ बड़ी और कड़ी कार्यवाही करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत बस्तर के नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को नेस्तनाबूत करने का अभियान तेज कर दिया है। जिसके चलते धीरे-धीरे बस्तर क्षेत्र से नक्सलियों के पांव उखड़ते जा रहे है। हाल ही में हुए मुठभेड़ों में बड़ी संख्या में इनामी नक्सली ढेर किये गये है। इससे उत्साहित होकर अब सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के सुरक्षित ठिकानों पर भी अपनी नजरें गड़ा रखी है। खासतौर पर अबूझमाड़ में जहां आज तक सुरक्षाबल नहीं पहुंच पाया है। वहां भी सुरक्षाबल के जवान अपना सिकंजा कस रहे है और अबूझमाड़ का बहुत बड़ा इलाका सुरक्षाबलों के कब्जे में आ गया है। यहां बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक करने की तैयारी हो रही है। गौरतलब है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने पिछले छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान नक्सलियों के लिए डेडलाइन जारी की थी। उन्होंने कहा था कि नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़ दें अन्यथा 2026 तक बस्तर को नक्सली हिंसा से मुक्त करने के लिए निर्णायक लड़ाई शुरू की जायेगी। इसी डेडलाइन को मद्देनजर रखकर सुरक्षाबलों ने बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ जो अभियान चला रखा था उसे और तेज किया जा रहा है। अबूझमाड़ में लगभग चार नक्सलियों के छिपे होने की संभावना है। उन्हें जिनके खात्मे के लिए सुरक्षाबलों को बड़ा टास्क दिया गया है और पांच टीमें तैयार की गई है। ताकि अबूझमाड़ में नक्सलियों को नेस्तनाबूत किया जा सके। यदि अबूझमाड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिलती है तो ये एक बड़ी सफलता होगी और बस्तर से नक्सलियों का पूरी तरह सफाया हो जाएगा।

टीबी उन्मूलन - राष्ट्रीय स्वास्थ्य के लिए जरूरी

जगत प्रकाश नड्डा
केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

हम मरीज के नजदीक किए जाने वाले अधिक कुशल चिकित्साक परीक्षणों सहित नए उपकरण तेज़ी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे। भविष्य के बारे में सोचना टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरूआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। तीव्र 100-दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से टीबी को खत्म करने का स्पष्ट आह्वान किया। उनके नेतृत्व में टीबी की देखरेख का एक नया मॉडल अपनाया गया और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में टीबी की रोकथाम, निदान और उपचार में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए अनेक नये तरीके अपनाने का बीड़ा उठाया। डब्ल्यूएचओ की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 के निष्कर्षों ने अब तक अपनाए गए चिकित्साकीय उपचार की प्रभावशीलता को स्वीकार किया। इसने 2015 से 2023 तक भारत में टीबी की घटनाओं में 17.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की - जो वैश्विक स्तर पर देखी गई गिरावट की दर से दोगुनी है। इतना ही नहीं, देश में 25.1 लाख रोगियों का निदान किया गया, जिससे देश में उपचार कवरेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो 2015 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 85 प्रतिशत हो गई है।

प्रधानमंत्री की कल्पना से प्रेरित होकर, 7 दिसम्बर को, भारत ने अपनी टीबी उन्मूलन रणनीति में एक और परिवर्तनकारी कदम उठाया। सरकार ने टीबी से लड़ने की अपनी कोशिश में तेजी लाने के लिए पंचकूला से 100-दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया, जिसमें 347 ऐसे जिले शामिल थे जहां टीबी के मामले सबसे अधिक थे। यह पहल कमजोर आबादी तक सक्रिय रूप से पहुंचकर और उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करके हर टीबी रोगी की जल्द पहचान करने के हमारे संकल्प को मजबूत करती है। जनभागीदारी की सच्ची भावना में, हम सभी-निर्वाचित प्रतिनिधि, स्वास्थ्य चिकित्सक, नागरिक समाज, कॉरपोरेट और समुदाय-ने अभियान को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए सहयोग किया है।

राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सक्रिय सहयोग से, यह नया अभियान भारत की टीबी उन्मूलन यात्रा में एक और उपलब्धि साबित होगा।

टीबी उन्मूलन के लिए भारत का सामाजिक दृष्टिकोण

विस्तारित निदान प्रयासों को पूरा करने और टीबी रोगियों के पूर्ण स्वास्थ्य लाभ में सहायता करने के लिए, भारत ने पोषण सहायता योजना नि-क्षय पोषण योजना (एनपीवाई) की अवधारणा बनाई और उसे क्रियान्वित किया। अप्रैल 2018 से, हमने एनपीवाई के तहत प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 1.16 करोड़ लाभार्थियों को 3,295 करोड़ वितरित किए हैं। टीबी उन्मूलन के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए, इस योजना के तहत मासिक सहायता को नवम्बर 2024 से मौजूदा 500 से दोगुना करके 1,000 प्रति माह कर दिया गया है।

एक और महत्वपूर्ण पहलू - टीबी मुक्त भारत अभियान

ने न केवल पोषण की चुनौती का समाधान करने में मदद की है, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी बढ़ाया है। इस कार्यक्रम ने एक जन आंदोलन बनाने के लिए विभिन्न सामुदायिक हितधारकों को भी एकजुट किया है ताकि जागरूकता बढ़ाई जा सके और टीबी रोगियों को पोषण, व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जा सके। जनभागीदारी की भावना में सरकार और नागरिकों के बीच सामंजस्या ने देश भर में रोगियों को भोजन के 21 लाख पैकेट प्रदान करने के लिए 1.75 लाख नि-क्षयमित्रों को प्रेरित किया है।

टीबी को खत्म करने के लिए नवाचार को बढ़ावा देना

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने उपचार की सफलता दर में सुधार के लिए बेडाक्विलाइन और डेलामैनिड जैसी नई दवाएँ पेश की हैं। दवा-प्रतिरोधी वैरिएंट वाले रोगियों के लिए उपचार पूरा करने में चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, हमने बीपीएएलएम-उपचार, जिसमें चार-दवा संयोजन शामिल हैं,को अपनाने की अनुमति दी है जो मौजूदा उपचारों की तुलना में अधिक प्रभावी है। जबकि हमारे पास पारंपरिक 19-20 महीने के उपचार के साथ-साथ 9-11 महीने का छोटा उपचार उपलब्ध है, बीपीएएलएम उपचार के साथ रोगी अब केवल छह महीने में उपचार पूरा कर लेंगे!

हमने लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सभी रोगियों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनका इलाज करने के लिए जमीनी स्तर पर उन्नत उपकरण उपलब्ध हों। इसे सक्षम करने के लिए, हमने अधिक कुशल और सटीक निदान उपकरण मौलीक्यू लर परीक्षण किए। 2014-15 में कुछ सौ मशीनों से, अब हमारे पास सभी जिलों में 8,293 मौलीक्यूकलर निदान मशीनें उपलब्ध हैं।

वास्तव में, 'मेक इन इंडिया' पहल से प्रेरणा लेते हुए, स्वदेशी मौलीक्यूलर परीक्षणों का क्षेत्र-परीक्षण किया गया है और उन्हें शुरू किया गया है। हम न केवल जिला और ब्लॉक स्तर पर टीबी का पता लगाने में लगने वाले समय को कम करने में सक्षम हुए हैं, बल्कि परीक्षण और उपचार की लागत में भी भारी कमी ला सके हैं। हमारे स्वदेशी मौलीक्यूसलर परीक्षणों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी मिल चुकी है और दुनिया भर में उनका उपयोग किया जा रहा है। इन पहलों ने भारत को वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में एक सच्चे नेता के रूप में स्थापित किया है।

हमें इस बात पर भी गर्व होना चाहिए कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) 2018 से लगातार दुनिया भर में टीबी अनुसंधान के शीर्ष सार्वजनिक वित्तपोषकों में से एक रहा है। हम मरीज के नजदीक किए जाने वाले अधिक कुशल चिकित्साक परीक्षणों सहित नए उपकरण तेज़ी से विकसित करने और उन्हें पेश करने के लिए निवेश करना जारी रखेंगे।

भविष्य के बारे में सोचना

टीबी उन्मूलन की दिशा में भारत की यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने और त्वरित तरीके से सिद्ध तकनीकों को उपलब्ध कराने में इसके नेतृत्व का प्रमाण है। अग्रणी अनुसंधान से लेकर उन्नत निदान और उपचार तक, सार्वभौमिक सामाजिक सहायता प्रावधानों की शुरूआत तक, भारत वैश्विक टीबी प्रतिक्रिया में सबसे आगे है। समय की मांग है कि टीबी की पहचान, निदान, उपचार और रोकथाम में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। तीव्र 100-दिवसीय अभियान टीबी को खत्म करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ, हम मानवता के इस महान दुश्मन को हरा देंगे और सभी के लिए एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करेंगे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1687 में आज ही के दिन ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास (भारत) में नगर निगम बनाया था। 1845 में 11 दिसंबर के दिन ही प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध शुरू हुआ था। 1858 में आज ही के दिन बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और यदुनाथ बोस कलकत्ता यूनिवर्सिटी से आर्ट्स सब्जेक्ट के पहले स्नातक बने थे। 1937 में 11 दिसंबर के दिन ही यूरोपीय देश इटली मित्र राष्ट्र संघ से बाहर आया था। 1946 में आज ही के दिन डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। 1946 में 11 दिसंबर के दिन ही यूरोपीय देश स्पेन को संयुक्त राष्ट्र से निलंबित किया गया था। 1964 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र के यूनिसेफ की स्थापना हुई थी। 1983 में 11 दिसंबर के दिन ही जनरल एच.एम. इरशाद ने खुद को बांग्लादेश का राष्ट्रपति घोषित किया था। 2001 में आज ही के दिन चीन को विश्व व्यापार संगठन में प्रवेश मिला था। 2003 में 11 दिसंबर के दिन ही मेरिदा में पहले भ्रष्टाचार निरोधक समझौते पर 73 देशों ने साइन किए थे। 2007 में आज ही के दिन उत्तर व दक्षिण कोरिया के बीच 50 वर्ष बाद रेल सेवा दोबारा शुरू हुई थी।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रहना नहीं कभी किसी

रहना नहीं कभी किसी बीमार की तरह। आप रहना हरदम सदा बहार की तरह।। चाहत है कि हर जगह आपकी डिमांड हो। स्वयं को बना लीजिये आधार की तरह।।

– **राजकुमार शर्मा**

मात दे सकता सुयोधन

मात दे सकता सुयोधन को सुयोधन, अर्जुनों तेरा विजयी होना असंभव! अब फ़त्ह के कायदे आदिम नहीं हैं , समर कल बल छल भरा किरदार का है। हैं नहीं अब युद्ध वरदानी शरों का, रूप बदला अर्थगत हथियार का है। पंक में धंसते नही रथ शस्त्र भी अब और तुम्हारे सारथी भी नहीं माधव ।

– **पंकज कुमार वसंत**

खास पाती | उम्र का सफर हो सफ़र तय नही

उम्र का सफर हो सफ़र तय नही जाकर भी कुछ हद तक गय नही प्रेम की धुन की फ़ीकी है हर तान सुर और ताल में अब कोई लय नही जो अब पीते है हरदम गम की मदिरा क्या खोजेंगे मयखानों में अब मय नही दूर जाते हो अपनो से इस फासले तक जीत जाओ मुक़दर को मगर जय नही बढ़ते है कदम खुद के पीठ थपथपा कर अब गुजर जाये तूफ़ान से कश्ती भय नही – **प्रीति श्रीवास्तव**

ज़िंदगी और वक्त बहुत महंगी चीज़ें हैं

ज़िंदगी और वक्त बहुत महंगी चीज़ें हैं। इन्हें मतलबी लोगों पर बर्बाद ना करें!! उम्र बढ़ने से मुस्कुराहट नहीं रुकती 9 लेकिन मुस्कुराहट रुकने से उम्र जल्दी बढ़ जाती है !!! – **नीलोफर नीलु**

कहीं मिलता नहीं गर प्यार तो फिर

कहीं मिलता नहीं गर प्यार तो फिर क्या किया जाए दुआओं का असर बेकार तो फिर क्या किया जाए तुम्हारी जिद ने डाली है अजब सी कशमकश में जां खफा है आज सारे यार तो फिर क्या किया जाए चलो तारे चुरायें कुछ चलो रूठे मनाएं कुछ अभी ख्वाबों में है संसार तो फिर क्या किया जाए मोहब्बत की कसक ऐसी रवायत भूल बैठे सब खुदी से हो गए बेजार तो फिर क्या किया जाए हटा रुख से हिजाबों को कभी तो ईद होने दे करें ना चांद का दीदार तो फिर क्या किया जाए हथेली पर मोहब्बत की हिना ने रंग डाला है जताये प्यार ना दिलदार तो फिर क्या किया जाए।

– **वंदना मोदी गोयल**

हर जिस्म में मैं, रूह तलाशता रह गया

हर जिस्म में मैं, रूह तलाशता रह गया, आँखों से जिस्म की, खाक छानता रह गया, हर नज़र मेरे तन के लिबाश को, तार-तार करती गई, हर नज़र बेवज़ह ही जिस्म के, हिस्से-हिस्से में उतरती गई , देखते-देखते दर्द बढने लग गया, समय सरकने लग गया, देखते-देखते रूह मासूमियत खोने लगी, जज्बात भीतर-भीतर सिमटने लगे, रूह जलने लगी, तन सुलगने लगे। – **नमन कुमार मिश्रा**

ढ़लते सूरज के साथ सूरमई लाल होता

ढ़लते सूरज के साथ सूरमई लाल होता आकाश कुछ टहलते से बादल बादलों के पार से छनती हुई रोशनी बनाती है प्रतिबिंब दिखते हो तुम बादलों के साथ गुम होता प्रतिबिंब भी तुम्हारी ही तरह हो गया गुम या, था मेरा ही कोई भ्रम कितनी कोशिशें कीं ना तुम दिखे ना प्रतिबिंब कितनी ही मिन्नतें कीं सूरज से सुनो तुम्हें भी है धरती की कसम मोहब्बत की कसम लौटा दो मुझे मेरा हमसफ़र

– **डेज़ी जयसवाल**

अपनी जुबां से आप मधुर बोल दीजिये

अपनी जुबां से आप मधुर बोल दीजिये। कानों में लफ्ज़ डाल शहद घोल दीजिये। रक्खा छुपा के आपने जो भाव अब तलक, है इल्तज़ा वो आप गिरह खोल दीजिये।

– **हरिवल्लभ शर्मा हरी**

प्रेरक प्रसंग

स्वर्ग प्राप्ति का राजमार्ग

एक दिन एक गृहस्थ ने महात्मा रामानुज से प्रश्न किया कि "महात्मन् ! क्या ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि यह संसार भी न छोड़ना पड़े और स्वर्ग भी पा लूँ।"

रामानुज हँसे और बोले- "हाँ, है ऐसा मार्ग। तुम जो कुछ कमाओ, ईमानदारी से कमाओ और जो कुछ व्यय करो-सदा दूसरों की भलाई के लिए करो।"

गृहस्थ को संदेह हुआ उसने पूछा- "मगर ऐसे कठिन मार्ग पर कौन चल सकता है ?"

रामानुज ने दृढ़ विश्वास के साथ कहा- "जो नारकीय यातनाओं से बचना चाहता होगा और जिसे ईश्वर प्राप्ति की सच्ची लगन होगी।"

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:07, सूर्यास्तः 05:19, चन्द्रोदयः 13:26, चन्द्रास्तः 26:23, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : ?? हेमन्त,शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (पिंगल), *कलियुगाब्द : 4126, *मासः मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : रेवती, योग : वरीया, प्रथम करण : तैतिल (16:54 तक), द्वितीय करण : गर (27:42 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : मीन, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:49 से 12:30, अमृत काल 08:59 से 10:30, सर्वार्थसिद्धि योग 07:02 से 13:30, रवि योग पूरे दिन,विजय मुहूर्त 13:52 से 14:33, गोधूलि मुहूर्त 17:15 से 17:42, सायाह्न सन्ध्या 17:17 से 18:40, निशिता मुहूर्त 23:43 से 24:38, राहुकाल 12:00 से 13:30, राहुवास पश्चिम, यमगण्ड 09:36 से 10:53, दुर्मुहूर्त 09:05 से 09:46, होमाहुति शुक्र (13:30 से शनि), दिशाशूल उत्तर, अग्निवास पाताल (27:42 से पृथ्वी), चन्द्रवास उत्तर, शिववास सभा में (27:42 से क्रीड़ा में)।

QUIZ TIME

1) स्क्वायर किलोमीटर एरिया ऑब्जर्वेटरी क्या है?

2) पुर्तगाली यात्री नूनीज, विजयनगर में किसके शासन काल में आया था?

3) कौन गुलरुखी के उपनाम से कविताएं लिखा करता था?

4) जनवरी 2024 को मलेरिया के खिलाफदुनिया का पहला नियमित टीका कार्यक्रम किस देश में शुरू किया गया था?

5) भारत की पहली महिला महावत का क्या नाम है जिन्हे पद्मश्री 2024 से सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रेडियो दूरबीन सरणी (2) अब्दुररज़्ज़ाक (3) विक्टर लोबो (4) चेचक (5) पारबती बरुआ

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन उदासीनता से भरा रहेगा। सेहत आज भी हल्की रहने से शारीरिक एवं मानसिक कमजोरी रहेगी।

वृषः आज का दिन सामान्य से उत्तम रहेगा लाभ के कई अवसर हाथ आएंगे लेकिन आज आपका मन काम के समय कही और भटकेगा धन के साथ विपरीत लिंगीय के प्रति अधिक आसक्त रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन परिस्थिति आपके अनुकूल बनी रहेगी लेकिन आलस्य और मौज शौक की प्रवृत्ति भी रहने के कारण समय का पूर्ण लाभ नही उठा पाएंगे।

कर्कः आज आप दिन के पूर्वार्ध में ही योजनाबद्ध होकर कार्य करेंगे मध्यान तक परिश्रम का फल नही मिलने से थोड़े निराश भी होंगे।

सिंहः आज आपका स्वास्थ्य पुर्व में असंयमित भोजन अथवा दिनचार्य के कारण दिन के आरम्भ में कुछ नरम रह सकता है।

कन्याः आज आप अपने बुद्धि विवेक का प्रयोग कर लाभ कमाएंगे लेकिन सही समय की प्रतीक्षा अवश्य करें।

तुलाः आज के दिन आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा लेकिन थोड़े से परिश्रम से ही अधिक पसीना और घबराहट बनेगी।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी सेहत तो ठीक रहेगी लेकिन नेत्र संबंधित शिकायत रह सकती है।।

धनु : आज का दिन उतार-चढ़ाव वाला रहेगा आज आप जिस कार्य से लाभ की उम्मीद लगाए रहेंगे अंत समय मे उससे निराशा ही हाथ लगेगी।

मकरः आज आपके स्वभाव में उतावलापन रहेगा पहले स्वयं ही काम के प्रति लापरवाही करेंगे।

कुंभः आज के दिन आपके स्वभाव में आलस्य और लापरवाहि दोनो रहने के कारण आस पास के लोगो को असुविधा होगी।

मीनः आज का दिन लाभदायक तो है लेकिन विपरीत लिंगीय आकर्षण और स्वभाव की कामुकता किसी परेशानी में ना डाल दे इसका विशेष ध्यान रखें।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 261 का हल

ग	ल	त	■	■	■	खा	म	खाँ
णे	■	ल	■	झ	प	की	■	■
श	र	ब	त	■	रं	■	■	मि
■	ज	गा	ना	■	प	रा	का	ष्ठा
■	नी	र	■	वि	रा	ज	मा	न
ना	च	■	■	प	■	■	य	■
म	र	णा	स	न	■	पा	नी	■
ची	■	■	प	■	पा	■	■	भो
न	ज	रा	ना	■	स	मा	चा	र

कचरा प्रबंधन, जल जीवन मिशन, विभागीय अनुपयोगी वाहनों की नीलामी, जैसे विभिन्न मुद्दों पर कलेक्टर ने दिए निर्देश

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा साप्ताहिक समय-सीमा के बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा पुनः सीएसआर एवं डीएमएफ के तहत कराए गए विभागीय निर्माण कार्यो के उपयोगिता प्रमाण पत्र की प्रस्तुति के संबंध में कहा कि नियत तिथि तक यदि विभागों द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे तो इन कार्यों के निरस्तीकरण की प्रक्रिया की जाएगी। अतः दो दिवस के अंदर विभाग प्रमाण पत्र जमा कराएं। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से उपयोगी एवं अनुपयोगी चिकित्सकीय उपकरणों के रखरखाव तथा क्रियाशील उपकरणों के संबंध में जानकारी चाही। इसके अलावा कलेक्टर ने कचरा प्रबंधन के उचित निपटान के लिए नगर पालिका तथा जनपद पंचायतों से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आपसी समन्वय से प्रभावी रणनीति बनाने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण की अद्यतन स्थिति, एवं अपूर्ण निर्माण टंकी के संबंध में ना खुषी व्यक्त करते हुए इसे प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा। समय सीमा के बैठक में इसके अलावा संबंधित विभागों द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने के कार्यो में की गई प्रगति, युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन करने संबंधी दिशा-निर्देश, डी0एम0एफ0 मद से ग्राम पंचायतों में हाई मास्क लाइट लगाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने, स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत के तहत सभी कार्यालयों में महीने के किसी निश्चित दिन साफ-सफाई कर अपशिष्ट पदार्थो को डिस्पोजल करने के साथ-साथ स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित किए जाने, टेकनार रोड की साफ-सफाई के लिए कार्ययोजना, दंतेवाड़ा जिले के 600 आंगनबाड़ी केन्द्रों का सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उन्नयन, (महिला एवं बाल विकास विभाग), राज्य में 06 वर्ष तक के बच्चों का 100 प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करने, एवं पोषण ट्रैकर पोर्टल में आधार अपडेट किये जाने, प्रधानमंत्री सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना, जिले अंतर्गत 34 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थापित सोलर पॉवर प्लांट बैटरी बैंको को आवश्यकता अनुरूप चिन्हांकित कर पृथक से कंट्रोल रूम बनाने हेतु सर्वे किये जाने जैसे विभिन्न समय सीमा प्रकरणों पर कलेक्टर द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओं श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

भाकपा मद्देड़ एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी कर नियाद नेल्लानार योजना की निंदा की

भोपालपटनम/नवप्रदेश। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मद्देड़ एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा है कि नियाद नेल्लानार योजना के अंतर्गत में आदिवासियों के विकास के नाम देश का ब्राह्मणी हिंदुत्ववादी फासीवाद आरएसएस बीजेपी मोदी विष्णु देव साय सरकार जगह-जगह में पुलिस कैंप थानों को खोल रही है । हमारे जनहित के लिए काम करने वाली माओवादी पार्टी को खत्म करने के मकसद से आसपास के गांवों के जंगलों में हजारों की संख्या में फोर्स ऑपरेशन के नाम से घुसकर क्रांतिकारी व जनता के ऊपर ब्राह्मणी हिंदुत्व -फासीवादी द्वारा सूरजकुंड ऑपरेशन कगार के तहत किया जा रहा हैं। भीष्म हमले और लोगों को गिरफ्तार कर मारपीट कर के फर्जी केश में जेल भेजना पुलिस को आम बात हो गई है। आदिवासी महिलाओं के साथ अत्याचार, हत्या, करना दिनों दिन बढ़ती जा रही है, गिरफ्तार किए गए आम क्रांतिकारियों को जबरदस्ती पैसा का लालच दिखाकर वही गुप्त रूप से पुलिस मुखबिर बना कर छोड़ रहे हैं, उनके द्वारा हमारे पीएलजीए का गतिशील को जब का तब पुलिस अधिकारियों को कार्य लोगों को समाचार आधार पर हमला कर रहे हैं, कोट्टापल्ली पंचायत लोडेड गांव की निवासी यालम सुकरा 2017 से पुलिस मुखबिरी बनाकर पेरुड, वाजैड, कोमटपल्ली कैंप के थानों के टी आई (थाना प्रभारियों) लिंक में काम करती आई है। इसकी मकसद यह है कि लोकल दल कमांडर पार्टी कार्यकर्ता व जन निर्माण क्रांतिकारी जनता को निर्मूलन करना पार्टी सहयोग व्यक्तियों का विरोध करना य पुलिस कैंप, थानों में सूचना पहुंचाने की काम करती थी। इस पुलिस मुखबिरी जाल मजबूत रहने के कारण आदिवासी गरीब जनता बहुत परेशान हुए हैं। 2018 अप्रैल 18 तारीख को लोदेड गांव से हमारे पीएलजीए दल आईपेटा ओर जाने का मुखबिर सूचना आधार पर तेलंगाना ग्रहोड्स छत्तीसगढ़ का डी आर जी दल ने मिलकर लोदेड व आईपेटा जाने की पहाड़ रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे हुए तो इस मुठभेड़ में हमारे मद्देड़ एरिया के 8 जन पार्टी कार्यकर्ता शहादत को पाया। इस घटना को सफल करने में यालम सुकरा पेरूर वाजेड टी , आई पुलिस अधिकारियों को सूचना देने में मुख्य भूमिका निभाई है।

न्यूज गैलरी

समाज कल्याण से तीन दिव्यांगों को मिला श्रवण यंत्र

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के तीन दिव्यांगजनों को आज समाज कल्याण कार्यालय परिसर में श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि कांकेर विकाससखण्ड के ग्राम कोकपुर निवासी 65 वर्षीय भागबली साहू और उनके बड़े भाई 67 वर्षीय रामप्रसाद साहू जो दोनों श्रवण बाधित हैं, उन्हें कान की मशीन प्रदान की गई। इसी तरह कांकेर श्रीरामनगर निवासी 74 वर्षीय हजारा बेगम को भी श्रवण यंत्र प्रदाय की गई। सहायक उपकरण पाकर सभी दिव्यांगजन अत्यंत अभिभूत हुए और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किए।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जोन क्षमतापुर बना चैंपियन

कोंडागांव/नवप्रदेश। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जोन क्षमतापुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्राथमिक वर्ग में चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया और माध्यमिक वर्ग में एरला जोन ने बाजी मारी। ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम बीजापुर विकासखण्ड माकड़ी में आयोजित की गई थी जिसमें कुल 14 जोनों ने भाग लेकर कबड्डी,खो खो,वॉलीबॉल,दौड़,लंबी कूद,ऊंचीकूद,रिले रेस, भाषण,सामान्य ज्ञान, जलेबी दौड़,चित्रकला, रंगोली, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य और गोला फेंक में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
क्षमतापुर जोन ने प्राथमिक वर्ग खो - खो रिले रेस,

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मनाया मानव अधिकार दिवस

बागोड़ार के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में बच्चों ने जाना मानव अधिकार

कांकेर/नवप्रदेश। शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बागोड़ार में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया गया शिविर में श्री भास्कर मिश्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर द्वारा बच्चों को मानव अधिकार दिवस के संबंध में जानकारी देते हु कहे कि आज हम मानव अधिकार दिवस मना रहे हैं।यह एक ऐसा दिन है जब हम अपने अधिकारों के बारे में सोचते हैं और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करते हैं।आप सभी बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। आप सभी के पास कुछ मूल अधिकार हैं, जैसे कि शिक्षा का अधिकारःहर बच्चे को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। शिक्षा प्राप्त कर आप अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं और एक बेहतर इंसान बन सकते हैं। हर बच्चे को खेलने का अधिकार है। खेल से आप स्वस्थ रहते हैं और अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करते हैं।हर बच्चे को सुरक्षित वातावरण में रहने का अधिकार है। हर बच्चे को अपनी बात कहने का अधिकार है। अगर आपको कोई समस्या है तो आप अपने बड़ों से खुलकर बात कर सकते हैं। आप सभी बराबर हैं। किसी के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। अगर आपको लगता है कि आपके अधिकारों का हनन हो रहा है तो आप अपने शिक्षक, माता-पिता या पुलिस से मदद ले सकते हैं। आप सभी को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए और दूसरों की भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए।

आप सभी एक उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आइए मिलकर एक ऐसा समाज बनाएं जहां हर बच्चा सुरक्षित, खुश और स्वस्थ रहे। साथ ही बच्चों को न्यायपालिका, कार्यपालिका और साइबर क्राइम के संबंध में बच्चों को जानकारी दिया गया। शिविर में शास. स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बागोड़ार के समस्त अध्यापकगण एवं विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

जनदर्शन में कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग को मिला तुरंत व्हीलचेयर

कोण्डागांव/नवप्रदेश। साप्ताहिक जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में आज विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में ग्राम बनियागांव से आए दिव्यांग श्री पिताम्बर पोयाम को तुरंत व्हील चेयर मिलने पर उन्हें बहुत राहत मिली है। श्री पिताम्बर ने कलेक्टर को बताया कि वे एक आकस्मिक दुर्घटना के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हो गए हैं, जिसके कारण उन्हें दैनिक कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से व्हील चेयर और दिव्यांग भत्ता दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने उनकी मांग पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही कर दिव्यांग को तत्काल जिला कार्यालय में ट्रायसिकल प्रदाय किया गया। दिव्यांग श्री पिताम्बर ने त्वरित सहायता मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि अब घर से बाहर आने-जाने में आसानी होगी।

शिक्षिका दुर्गा सोलंकी को प्रभा साक्षी सम्मान

अंतागढ़/नवप्रदेश। प्रभा साक्षी संस्थान ने अंतागढ़ निवासी शिक्षिका दुर्गा सोलंकी को हिन्दी सेवा सम्मान 2024 से नवाजा है। हिंदी के उत्थान के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया है। इसके साथ ही देश के अन्य राज्यों से प्रसिद्ध हिंदी सेवा से जुड़े विशेषज्ञों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।गौरतलब है कि प्रभा साक्षी संस्थान हर वर्ष हिंदी सेवा सम्मान देश के प्रतिष्ठित लोगों को देती है। पेशे से शिक्षिका श्रीमती सोलंकी करीब 11 सालों से हिंदी शिक्षिका के तौर पर अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने पं. रविशंकर शुक्ला वि.वि.से हिंदी में मास्टर्स किया है। वे वर्तमान में अंतागढ़ ब्लाक के शासकीय हाईस्कूल सरंडी में पदस्थ हैं। इनकी इस उपलब्धि पर नगरपंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, उपाध्यक्ष अमल सिंह नरवास, लक्ष्मण ठाकुर एवं पार्षद शांतनु मानकर ने मुलाकात कर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कांमना की है।

केशकाल घाटी में सड़क निर्माण के चलते वाहनों का दबाव

नगरी/नवप्रदेश। कई दिनो से केशकाल घाटी में रिपेयरिंग कार्य के चलते रूट चेंज होने के कारण रायपुर से होते हुए उड़ीसा विशाखापट्टनम एवं आंध्र प्रदेश जाने वाली माल गाड़ियां धमतरी से होकर नगरी होते हुए बोराई मार्ग पर चल रही है नगरी ब्लाक की रोड की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कई जगहों पर जगह-जगह एक से डेढ़ फीट गड्ढे हो गए हैं रोज लग रहा सड़क मे जाम वही रूट डायवर्ट के चलते रायपुर जगदलपुर मार्ग मे चलने वाले प्राय मालवाहक गाडिया नगरी बोराई होते धमतरी मार्ग मे सफर कर रहे जहा भारी तादाद मे मालवाहक अधिक चलने से बोराई सडको मे जाम की स्थिती बनी रही।

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, ट्यूशन को लेकर पालकों में भारी उत्साह

अंतागढ़/नवप्रदेश। अंतागढ़ क्षेत्र को हमेशा से अतिसंवेदनशील क्षेत्र के नाम से जाना जाता रहा है जहाँ आज भी नक्सलियों का खौप नजर आता है।जहाँ यें पूरा क्षेत्र आदिवासी इलाका होने के साथ साथ प्रकृति के देन जंगल,पहाड़ क्षेत्र भी है जिसके कारण अंतागढ़ क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछड़ा माना जाता रहा है। लेकिन अब माहौल बदल गया है आज शिक्षा को लेकर लोग जागरूक हो रहे है। जिसका मिसाल अंतागढ़ ब्लॉक में देखने को मिल रहा है। अंतागढ़ में शानदार सामाजिक पहल शिक्षा को लेकर हुआ है। जो कई मायनो में महत्वपूर्ण है,और महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि सर्व आदिवासी समाज अंतागढ़ ब्लॉक के पदाधिकारियों ने शिक्षा को लेकर मिसाल पेश करते हुए एक शानदार शुरुआत कर दिये है।अंतागढ़ क्षेत्र के कक्षा पाँचवी में अध्ययनरत बच्चों को नवोदय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं कि तैयारी अंतागढ़ के गोंडवाना भवन में करा रहे है जो पूरी तरह से निःशुल्क है। जिसका अच्छा प्रभाव देखने को मिला है और क्षेत्र के पालको में भी भारी उत्साह है जो पालक अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति अपने बच्चों के लिए हर रोज दूर दूर से लाने ले जाने का काम कर रहे है। सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष संतराम सलाम, उपाध्यक्ष हिरालाल माझी और गोंडवाना समाज के अध्यक्ष संतलाल दुग्गा ने सयुंक्त रूप से बताया कि यह एक सामाजिक पहल है जो क्षेत्र के हर वर्ग के बच्चों कुछ बच्चें तो विशेष रूप से नक्सल पीड़ित परिवार से है जो नवोदय विद्यालय परीक्षा के लिए फॉर्म भरे है व अन्य चयन परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। वहीं बच्चों को समाज के तरफ से पेन कॉपी सहित पुस्तके व परीक्षा के अनुरूप सारी व्यवस्था समाज के तरफ से उपलब्ध कराई जा रही है। संतराम सलाम ने जानकारी देते हुए बताया की प्रतिदिन लगभग सत्तर से अस्सी बच्चों की उपस्थिति रहती है। जिसमें बच्चों के पालक अपने बच्चों को हर दिन गोडवाना भवन में लेकर आते है,दूर दूर से पालक अपने बच्चों को बड़े उत्साह के साथ लेकर आते है जहाँ मेटाबोदेली,मंडागाँव, कानागाँव,गोंडबिनापाल, कलेपरस,मासबरस भैसासुर जैसे सुदूर से भी आते है वहीं अंतागढ़ नगर से भी कई पालक अपने बच्चों को लेकर आ रहे है।आगे संतराम सलाम ने बताया की यह कार्य क्षेत्र के पालकों के सहयोग व सहमति से समाज पहल कर रहा है,उन्होंने कहा की आदिवासी क्षेत्र में पालकों के तरफ से शिक्षा कर प्रति अपने बच्चों के लिए जो इंट्रेस्ट जागा है वह बहुत बड़ी बात है।समाज की यह पहल आगामी समय में अवश्य क्षेत्र के लिए शिक्षा को लेकर अच्छा माहौल बन सकता है। वहीं कुछ पालको से बात करने पर पता चला की इस सामाजिक पहल से पालक काफी खुश नजर आए उनका कहना था की ऐसा काम गांव में कभी नहीं हुआ है।आज समाज के पहल से आदिवासी क्षेत्र के विशेष रूप से गरीब प्रतिभावान बच्चों को इसका जरूर फायदा मिलेगा,समाज के तरफ से पूरा निःशुल्क पढ़ाई करवाई जा रही है।बच्चें भी समाज के पहल और पढ़ाई को लेकर बेहद उत्साहित है।

अंडर 14 बालक एवं अंडर 17 बालिका कबड्डी टीम डीएवी ने नेशनल स्पोर्ट्स में लहराया अपना परचम

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। परचेली कटेकल्याण ब्लाक- डी ए वी सीएमसी नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली व स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया भारत की ओर से दिल्ली के खेल गांव में आयोजित तीन दिवसीय अंडर 14 एवं अंडर 17 खेल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए बालक और बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस आयोजन में 28 राज्यों के 819 विद्यालयों के 20000 छात्रों ने भाग लिया था। इस संबंध में खेल शिक्षक श्री साकेत यादव ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ डीएवी की ओर से परचेली की टीम प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही थी। सर्वप्रथम बालक टीम पहले ओडिशा, गुजरात महाराष्ट्र, हरियाणा को हराया फिर फाइनल में उनका सामना झारखण्ड के साथ हुआ। इस मुकाबले में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परचेली ने फाइनल में झारखंड को हराकर बालक टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया। इस अंडर 14 बालक टीम में जग्गू मीडियमी, रग्गू मंडावी, मोनू मरकाम, राकेश मरकाम, रितेश, रोशन मंडावी, राकेश मंडावी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

इसी कड़ी में शिक्षिका श्रीमती महक नाग के साथ अंडर 17 बालिका टीम ने नेशनल गेम्स में तृतीय स्थान अर्जित किया। इस प्रकार बालिकाओं के टीम में संजना कवासी, कोमल नाग, जोगी पदम, साधना, रीता कश्यप, शीबा मौर्या ने भी सराहनीय खेल दिखाया।

प्रथम पेज का शेष

14 दिसंबर को दिल्ली कूच ...

उन्हें चक्कर आते रहते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक डल्लेवाल के लिवर फंक्शन टेस्ट खराब आ रहे हैं।

दिलबाग सिंह की हालत ठीक नहीं

पंधेर ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शंभू बॉर्डर पर लगातार हरियाणा पुलिस व सुरक्षा बलों की ओर से किसान नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। शुक्रवार को दिल्ली कूच करने गए जत्थे में शामिल किसान नेता सुरजीत सिंह फूल को घायल किया गया। वहीं रविवार को रेस्क्यू टीम में शामिल किसान नेता दिलबाग सिंह को घायल किया गया। दिलबाग सिंह की हालत ठीक नहीं है और उन्हें इमरजेंसी में शिफ्ट किया जा रहा है।

किसान आंदोलन पर पंजाब में राजनीति भी तेज हो गई है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि किसान बस यही मांग रहे हैं कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी दी जाए। लेकिन केंद्र का व्यवहार ठीक नहीं है। किसानों पर लाठीचार्ज हो रहा है और उन्हें दिल्ली नहीं जाने दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने भी एमएसपी पर कानूनी गारंटी का मामला उठाया है। अगर हमें मौका मिला तो हम संसद में शून्यकाल या प्रश्नकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाएंगे। कांग्रेस विधायक प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां कॉरपोरेट समर्थक और किसान विरोधी हैं। ।

जेपी नड्डा 13 को मंत्रिमंडल विस्तार...

को नए सिरे से विकसित किया गया है, जिसका लोकार्पण नड्डा करेंगे। चूंकि नड्डा ठाकरे परिसर में भी कुछ समय व्यतीत करेंगे, लिहाजा भाजपा संगठन की प्रदेश इकाई के कामकाज और राज्य सरकार के कार्यो की जानकारी भी ले सकते हैं।भाजपा की इस बैठक को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि राज्य शासन में मंत्रियों के दो पद रिक्त हैं। किंतु मंत्री पद को लेकर उत्साहित भाजपा विधायकों का कहना है कि 11 दिसंबर की बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार और निगम, मंडल, आयोग, बोर्ड में नियुक्ति का निर्णय हो सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में मुहर भी लग सकती है, क्योंकि 16 दिसंबर से विधानसभा का सत्र है और दिसंबर के अंतिम सप्ताह में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी होने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज...

में सतनामी समाज के संवैधानिक आंदोलन के दौरान हुई आगजनी को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने इन मामलों में सीबीआई जांच की मांग की है। चंद्रशेखर आजाद का आरोप है कि गिरौदपुरी धाम, जो सतनामी समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है, उसपर हमला किया गया और बलौदाबाजार आंदोलन के दौरान सतनामी समाज को निशाना बनाया गया. इन घटनाओं पर उन्होंने संसद में सवाल उठाने की कोशिश की थी, लेकिन मौका न मिलने पर उन्होंने संसद भवन के बाहर धरने का फैसला किया।

दिग्गज राजनेता एस एम ...

वृद्धि एवं विकास के युग की शुरुआत के लिए याद किया जाता है। उनके नेतृत्व के दौरान बेंगलुरु भारत की सिलिकॉन वैली के रूप में उभरा, जिसने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के केंद्र के रूप में वैश्विक पहचान प्राप्त की।

4 किमी सड़क निर्माण ...

स्टेट हाईवे का चौड़ीकरण लंबाई 50 किमी. हेतु 13677 लाख रूपए, दुर्गूकोंदल अंतर्गत बरहेली में औषधालय भवन निर्माण कार्य हेतु 16.36 लाख रूपए और तरहूल में औषधालय भवन निर्माण कार्य हेतु 16.36 लाख रूपए, महतारी सदन निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण अंतर्गत ग्राम टेमरूपानी में 29.20 लाख रूपए, ग्राम बोन्दानार में 29.20 लाख रूपए, आमाबेड़ा हेतु 29.20 लाख रूपए तथा कोयलीबड़ा हेतु 29.20 लाख रूपए का भूमिपूजन किया जाएगा। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा अंतर्गत परलकोट मध्यम जलाशय के पी.व्ही. 56 माईनर नहर लाईनिंग मरम्मत कार्य हेतु 294.17 लाख रूपए, लघु जलाशय पी.व्ही. 76-78 की नहरों का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य हेतु 297.79 लाख रूपए, अनुविभागीय कार्यालय अंतागढ़ का जीर्णोद्धार कार्य हेतु 66.82 लाख रूपए, सिविल अस्पताल पखांजूर में हमर लैब का निर्माण कार्य हेतु 25 लाख रूपए और ब्लड बैंक का निर्माण कार्य हेतु 30 लाख रूपए का विकास कार्य शामिल है। इसके अलावा नगर पंचायत पखांजूर में स्वीकृत विभिन्न 36 निर्माण कार्य हेतु 142.86 लाख रूपए, अटल परिसर निर्माण कार्य हेतु 20 लाख रूपए, विभिन्न 23 निर्माण कार्य हेतु 119.36 लाख रूपए और इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय भवन पखांजूर एवं बालक-बालिका छात्रावास भवन निर्माण के लिए 1491.63 लाख रूपए का भूमिपूजन कार्य मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।

बुजुर्गों का सम्मान, हमारी महान

, सार्वभौमिक प्रक्रिया है। जो गर्भाधान से शुरू होकर व्यक्ति की मृत्यु तक होती है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन की महत्वपूर्ण समस्याओं में प्रमुख रूप से शारीरिक दूर्बलता, मानसिक रोग, अकेलेपन की समस्या, आर्थिक असुरक्षा, संयुक्त परिवार का अभाव, मनोंरजन की समस्याओं से बुजुर्गों को बाहर निकालने के लिए समाज को आगे आना होगा। श्री ममतानी ने कहा कि सरकार के साथ-साथ हम लोगों को भी वरिष्ठजनों के सम्मान एवं उनकी सुरक्षा के लिये कार्य करना होगा।

आयोग के सदस्य श्री राजीव कुमार टंडन ने स्वागत उद्बोधन दिया। विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन की श्रीमती सोनाली पोक्षे वायंगणकर ने कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संचालक श्री राजेश गुप्ता ने वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ केन्द्र और राज्य सरकार की संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

प्रधानमंत्री मोदी से मुख्यमंत्री

का लक्ष्य प्राप्त करना है। अभियान में आमजन से जु?ी 63 शासकीय सेवाओं से संबंधित आवेदकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जायेगा।

राज्यपाल रमेन डेका ने शहीद के परिजनों को किया सम्मानित

कांकेर/नवप्रदेश। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राजभवन सभागार में राज्यपाल श्री रमेन डेका की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के शहीद सिपाही गणेशराम की माता श्रीमती जागेश्वरी, शहीद सूबेदार मेजर हरीराम की पत्नी श्रीमती कुंती तारम और शहीद नायक मोतीराम की पत्नी श्रीमती पद्मावती आंचले को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा व्ही.एस.एम. (से.नि.) द्वारा जिले की वीर माता और वीर नारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

न्यूज गैलरी

भारतीय भाषा उत्सव आज

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती 11 दिसंबर को भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं सरस्वती शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित उत्सव के दौरान भारतीय भाषा और उनमें एकात्मता विषय पर व्याख्यान होगा। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं विचारक डॉक्टर पूर्णेन्दु सक्सेना मुख्य वक्ता के तौर पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सच्चिदानंद शुक्ल करेंगे। आयोजन समिति के संयोजक मोहन पवार ने बताया कि उत्सव के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के सांस्कृतिक दलों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएगी।

निशुल्क सिंधी सामूहिक विवाह जनेऊ मुंडन संस्कार कल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ब्रम्ह स्वरूप संत बाबा गेलाराम साहब जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे छत्तीसगढ़ जनरल सिंधी प्रदेश पंचायत एवं गोदड़ीवाला धाम देवपुरी के संयुक्त तत्वाधान मे 12 फरवरी 2025 को होने वाले निशुल्क सिंधी सामूहिक विवाह जनेऊ मुंडन संस्कार की तैयारी का श्री गणेश गोदड़ीवाला धाम देवपुरी रायपुर की महंत अम्मा मीरा देवी जी के द्वारा पंजीयन फार्म का विमोचन करके किया गया जिसमे पंचायत की तरफ से अध्यक्ष हीरानंद मखीजा, सुरेश बठेजा, जयराम बठेजा, विजय बठेजा, संजय मंधान, मयूर पंजवानी, विशाल धावना, मन्नू ठकरानी, दरबार की तरफसे सेवादार हरी इसरानी, अमर गिदवानी, पवन पृथ्वानी, सतीश थोरानी, इंद्र लाल सचदेव, उपस्थित थे इस उपलक्ष्य मे बृजधाम मथुरा वृंदावन वाले परम पूज्य डा. मनमोहन कृष्ण जी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए पंचायत के पदाधिकारियों को आशीर्वाद दिया।

सेजबहार में कथा सुनाएंगे पं. मिश्रा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर एक बार फिर भक्ति में सरोबोर होने वाला है। जी हां राजधानी रायपुर में अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा का आयोजन होने जा रहा है, जिसके लिए तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। माना जा रहा है कि इस बार भी पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में हर बार की तरह इस बात भी भारी भीड़ उमड़ सकती है। मिली जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर में सेजबहार में 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा आयोजन होगा। इस बात की जानकारी खुद पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने कथा के दौरान दी है। उन्होंन बताया कि उन्होंने बताया कि यह कथा कमल विहार के रहने वाले एक शख्स करवा रहे हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा ने बताया कि 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने वाली थी। लेकिन किसी कारणवश लखनऊ की ?कथा रद्द कर दी गई, जिसके बाद कथा को रायपुर शिफ्ट कर दिया गया है।

चरगढ़ जलाशय परियोजना के लिए 4.61 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के अंतर्गत राजपुर की चरगढ़ मध्यम जलाशय परियोजना के सर्वेक्षण कार्य के लिए 4 करोड़ 61 लाख 76 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन ने परियोजना का सर्वे कार्य कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

सूने मकान से जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। पीएस सिटी चंगोराभाठा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भागीरथी राडिया 67 वर्ष पीएस सिटी चंगोराभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी रकम पर हाथ साफकर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 70 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। डुमरतराई शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रवि प्रकाश ठाकुर 28 वर्ष हिमालयन हाईट राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीए 8053 को डुमरतराई शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सियासत : साय सरकार के एक साल पूरे होने पर पूर्व सीएम ने कसा तंज

रिपोर्ट कार्ड में होगी धान खरीदी और महतारी वंदन, जिसके साथ न्याय ही नहीं हुआ: भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है। कहा कि 13 दिसंबर को भाजपा जनता के समक्ष अपने एक साल का रिपोर्ट कार्ड रखने जा रही है। जिसमें केवल दो ही चीज भाजपा की रिपोर्ट कार्ड में होगी। पहले 3100 सौ धान खरीदी का मूल्य देने की, जिसमें अव्यवस्थाएं हैं। दूसरा महतारी वंदन, जिसकी राशि कई महिलाओं को नहीं पहुंच रही है। नवविवाहित महिलाएं इस योजना से जुड़ नहीं पा रही है. इनका पोर्टल एक बार बंद हो जाता है तो दोबारा नहीं खुलता।

ममता बेनर्जी को इंडिया गठबंधन की कमान सौंप देना चाहिए, लालू यादव के इस बयान पर भूपेश बघेल ने कहा, यह पार्टी के बड़े स्तर के लोगों की बातें है। वह सब तय करते हैं। मैं इस पर कुछ बोलने के लिए आथराइज



व्यक्ति नहीं हूं। प्रदेश में हो रही धान खरीदी को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, मैं खुद किसान हूं। किसान मजदूर महंगाई से परेशान हैं। किसानों को खाद लेने, धान बेचने में भी परेशानी हो रही है। प्रदेश में पहली बार उद्योगपतियों को धरना देना पड़ा. इससे समझा जा सकता है।

निकाय, पंचायत चुनाव के आरक्षण पर भूपेश बघेल ने कहा, 50प्रतिशत आरक्षण देने की बात पोस्टर में लिखी गई है। पोस्टर में 50प्रतिशत आरक्षण के लिए सीएम का आभार है। छत्तीसगढ़ में एसटी/एससी को मिलाकर 45प्रतिशत आरक्षण है। अगर ओबीसी को 50प्रतिशत दें तो 95प्रतिशत आरक्षण हो जाएगा, सरकार बताए क्या इस तरीके से कोई अध्यादेश जारी हुआ है. हम लोगों ने जो प्रस्ताव पारित करने भेजा था वह 76प्रतिशत था, 95प्रतिशत कब सरकार ने कर दी, इसका होर्डिंग लगातार देख रहे हैं।

नेताओं के अकाल से जूझ रही कांग्रेस : भूपेन्द्र सवन्नी

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने कहा है कि जबसे छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों के महापौर व अध्यक्षों के प्रत्यक्ष चुनाव का फैसला लिया है, कांग्रेस को अपने पैरों तले अपनी राजनीतिक जमीन के पूरी तरह खिसक जाने का डर सताने लगा है। श्री सवन्नी ने कहा कि पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनाव के बाद हाल ही रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में करारी शिकस्त खाने के बाद कांग्रेस अब भाजपा से सीधी चुनावी लड़ाई लड़ने की

स्थिति में नहीं रह गई है क्योंकि एक तो उसके पास अब नेताओं का अकाल पड़ गया है, दूसरे कांग्रेस में मचा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है और उसे पर तुर्रा ये की 11 माह के भाजपा के विष्णु देव साय सरकार ने मोदी की गारंटी पूरी करते हुए किसानों, महिलाओं, युवा, आम नागरिक के हित, उन्नति के बड़े-बड़े फैसले ले लिए हैं। जो कांग्रेस 5 साल में भी नहीं कर सकी थी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी श्री सवन्नी ने कहा कि पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में भी कांग्रेस को 2018 के विस चुनाव में मिली जीत के बाद भी निकाय चुनाव में जीत का जरा भी आत्मविश्वास नहीं था। अपनी सियासी फजीहत से बचने के लिए ही कांग्रेस ने पिछली बार चोर दरवाजे से महापौर और अध्यक्ष के पदों पर जोड़-तोड़ और खरीद-फरोख्त व धमकी-चमकी के दाँव-पेंच अपनाकर छद्म जीत दर्ज की थी।

कांग्रेस की भूपेश सरकार ने प्रत्यक्ष चुनाव

निकाय के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से किए जाने के निर्णय से कांग्रेस के अंदर भय व्याप्त : अनुराग

रायपुर/नवप्रदेश। मीडिया सह प्रभारी दाऊ अनुराग अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से स्थानीय नगरीय निकाय के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से किए जाने का निर्णय हुआ है कांग्रेस के अंदर भय व्याप्त है क्योंकि आज कांग्रेस में नेताओं की कमी हो गई है। कांग्रेस के जो वरिष्ठ नेता कहलाते थे चाहे वह सिंहदेव हो शिव दहरिया हो मोहम्मद अकबर हो जयसिंह

अग्रवाल हो रविंद्र चौबे हो यह सब बुरी तरीके से हार चुके हैं। इनमें से कुछ ने तो 40000 से अधिक मतों से हारने का रिकॉर्ड बनाया है। कांग्रेस भाजपा से सीधे लड़ाई में बचाना चाहती है पिछले कार्यकाल में उनकी सरकार होने के बावजूद इन्होंने पिछले दरवाजे से अध्यक्ष चुनाव का रास्ता अख्तियार किया। कांग्रेस के अंदर खाने जो मनमुटाव है टिकट वितरण के समय विकराल रूप में जनता के सामने आएगा।

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की मुख्यमंत्री को चुनौती एक पंचायत बताये जहां भुगतान का काऊंटर खोला हो

धान खरीदी में अव्यवस्था दूर करने कांग्रेस ने ब्लॉकों में दिया धरना

- **राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर सरकार को निर्देश देने का आग्रह किया**

रायपुर/नवप्रदेश। किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी तथा धान खरीदी केंद्र में फैली अव्यवस्था को दूर करने टोकन, भुगतान, तौलाई, सोसायटी में जाम की स्थिति के निराकरण करने एवं बारदाने की कमी दूर करने, एकमुश्त भुगतान की मांग को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। मा. राज्यपाल से अनुरोध किया कि धान खरीदी की परेशानी दूर करने के लिये सरकार को निर्देश देवे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मोहला मानपुर जिले मानपुर के दुर्गा चौक में धरने में शामिल हुये। उन्होंने कहा हम लगातार किसानों की

परेशानियों को दूर करने के लिये सरकार से आग्रह कर रहे हम लोग धान खरीदी केंद्रों में गए वहां पर किसानों को परेशान किया जा रहा। सरकार की मंशा साफ नहीं है वह किसानों से पूरा धान नहीं खरीदना चाह रही। बारदानों का संकट है, टोकन नहीं मिल रहा, इलेक्ट्रॉनिक कांटे से ज्यादा मात्रा में धान लिया जा रहा, इन सबको लेकर हमने बार-बार सरकार को चेतावनी दिया। सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते है एकमुश्त पैसा दे रहे जबकि पूरे प्रदेश में मात्र 2300 की दर में भुगतान हो रहा। वादा किया था पंचायतों में काऊंटर खोलकर धान का 3100 रू. एकमुश्त भुगतान करेंगे। मैं मुख्यमंत्री को चुनौती देता हूं प्रदेश के कितने पंचायतों में काऊंटर खोलकर किसानों का भुगतान कर रहे, बताये साहस है तो एक पंचायत का नाम बता दें। हमारे सभी ब्लॉकों से अलग-अलग मा. राज्यपाल जी को ज्ञापन भेजा है। किसानों की समस्या दूर करने के लिये हस्तक्षेप करने को कहा है। 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी शुरू है, लेकिन धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्रो चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रो पर गये, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियो को देखा धान खरीदी केन्द्रो पर किसान निम्नांकित परेशानियों से जूझ रहे है।

ऽ बारदाने की कमी है, जिससे

कांग्रेस सरकार में शुरू हुई नल जल से प्रदेश के 80 प्रतिशत घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचा : धनंजय

- **जो भाजपा नल जल योजना में कार्य नहीं होने का झूठा दुष्प्रचार किये थे वही आज फोटो लगाकर श्रेय ले रहे**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई नल जल योजना का ही परिणाम है कि आज प्रदेश के 80 प्रतिशत घरों में शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है जो भाजपा विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस सरकार पर नल जल योजना में कार्य नहीं करने का आरोप लगा रहे थे आज वही भाजपा सरकार अपनी नेताओं का फोटो लगाकर झूठा श्रेय ले रहे हैं।भाजपा का एक और झूठ प्रपंच का पर्दाफाश हो गया है और जनता समझ गई है कि चुनाव को देखते हुए ही भाजपा ने जनकल्याणकारी कांग्रेस सरकार पर नल जल योजना में काम नहीं करने के संबंध में भ्रामक और झूठ प्रसारित किया था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार को बताना चाहिए कि नल जल योजना मिशन के तहत 1 साल के भीतर कितने स्थान में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए काम की शुरुआत किए हैं और उन कार्यो की क्या प्रगति है? क्योंकि नल जल योजना के तहत जो काम होते हैं उसमें पानी टंकी का निर्माण पाइपलाइन बिछाना और घर-घर तक नल पहुँचाने के कार्य करने में लगभग 1 साल से अधिक का समय लगता है ऐसे में स्पष्ट हो गया है कि भाजपा सरकार नल जल योजना पूर्ण होने का जो श्रेय ले रही है वह सरासर झूठ है और यह सारे कार्य कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू किए गए थे जो पूर्ण हुए हैं अब भाजपा को नल जल योजना के खिलाफ अपने दुष्प्रचार के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

श्री गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था ने किया कंबल वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। श्री गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था रायपुर द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर अस्पताल में केंसर विभाग में ठंड को देखते हुए समाज के लोगों द्वारा सहयोग से जरूरतमंदो को कंबल वितरण किया गया श्री गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था रायपुर के अध्यक्ष प्रहलाद मिश्र एवं सहसचिव बसंत तिवाड़ी ने बताया कि आगामी ठंड को देखते हुए रायपुर शहर के हर जगह पहुंच कर कंबल वितरण करने का विचार किया गया इस कड़ी में कंबल वितरण का कार्य डॉ भीमराव अम्बेडकर अस्पताल से चालू किया गया है, कंबल वितरण करने में गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था रायपुर के अध्यक्ष प्रहलाद मिश्र, सचिव नरेश शर्मा, महिला मंडल की

अध्यक्ष प्रतिमा पुजारी, सचिव गरिमा व्यास, उषा पुजारी, युवा मंडल के अध्यक्ष गिरीश जोशी, सचिव अभिषेक शर्मा, समाज के कोषाध्यक्ष श्रीकांत शर्मा,सह सचिव बसंत तिवाड़ी उपस्थित हो कर जरुरतमंदों को कंबल वितरण किया गया और रायपुर शहर के हर जगह पहुंच कर कंबल वितरण करना का एक संकल्प लिया।

डंगनिया केंद्र की बैठक में अहिल्या बाई की जीवनी पर चर्चा

- **दत्तात्रेय जयंती सप्ताह पर सुमधुर भजनों की भी प्रस्तुत**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की डंगनिया कालोनी महिला केंद्र की बैठक में मराठी संस्कृति, परंपरा और ऐतिहासिक गौरव एक साथ नजर आया। पारंपरिक परिधान में पहुंचकर जहां महिलाओं ने अपनी संस्कृति को संजोया। वहीं दत्तात्रेय जयंती पर सुंदर भजन प्रस्तुत कर अपने पूर्वजों से विरासत में मिली परंपरा का निर्वहन किया। वहीं शिवभक्त देवी अहिल्या बाई होल्कर की विजय गाथा के साथ अपने

ऐतिहासिक गौरव को याद किया।

बैठक में मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने वर्तमान समाज में रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि शिवभक्त देवी अहिल्याबाई होल्कर समस्त नारियों के लिए बड़ी आदर्श है। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, दीक्षा, लेकर कई पुरानी कुरीतियों से उन्हें निजात दिलाई। वे एक आदर्श पत्नी के साथ आदर्श मां भी थीं। वे जीवन के हर कठिन परिस्थिति से जूझने के लिए तत्पर रहती थीं। इस अवसर पर केंद्र की सदस्य ज्योति डोलन ने भगवान दत्तात्रेय पर सुंदर भजन प्रस्तुत कर बैठक को भक्तिमय कर दिया। बता दें कि आगामी 14 दिसंबर को भगवान दत्तात्रेय जयंती दत्तात्रेय मंदिर ट्रस्ट समिति की ओर से मनाया जाएगा। इसमें ज्योति डोलस की टीम भजन की प्रस्तुति देंगी।

कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष गीता दलाल, महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, रेणुका पुराणिक, अपर्णा देशमुख, नमिता शेष, डंगनिया केंद्र संयोजिका अनुभा जाउलकर, सह संयोजिका भावना राजिमवाले, अंजली काले, जया भावे, माधुरी इंचुलकर प्रमुख रूप से उपस्थित थीं।

बदलाव... *आधुनिक ब्रांडिंग और विशेषज्ञों द्वारा 13 उत्पादों को बाजार में मिली नई पहचान*

हर्बल उत्पादों महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

रायपुर/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के केशोड़ार गांव में स्थित पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह की महिलाएं) वन-धन विकास केंद्र से परंपरागत ज्ञान और आधुनिक तकनीक की सहायता से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आया है। सभी महिलाएं आर्थिक रूप से सम्पन्न हो रही हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत स्थापित यह केंद्र भुतेश्वर नाथ हर्बल एण्ड मेडिसिन स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है।इस केंद्र से 87 पीवीटीजी लाभार्थी महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो 8 स्व-सहायता समूहों के माध्यम से कार्य कर रही हैं। इन केन्द्रों में महिलाओं के समूह द्वारा हर्बल औषधियों का उत्पादन किया जा रहा है। आयुष निर्देशालय (आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी) से अनुमोदित 13 हर्बल उत्पाद बनाई जा रही है, जिनमें महाविपगर्भ तेल, भृंगराज तेल, तुलसी चूर्ण, अमलाक्यादि चूर्ण, नवायस चूर्ण, कौंच चूर्ण, शतावरी चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, क्रीमिघ्न चूर्ण,

प्रदारांतक चूर्ण, पुनर्नवा चूर्ण, सर्वज्वरहर चूर्ण और वैश्वानर चूर्ण है। इन उत्पादों को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा बाजार में विपणन किया जाता है, जिससे इनकी पहुंच देशभर के उपभोक्ताओं तक हो रही है। स्व-सहायता समूह से जुड़ी सभी पीवीटीजी महिलाएं मुक्त कंठ से प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और वन मंत्री श्री केदार कश्यप को धन्यवाद देते हुए बताती हैं कि पीएम जनमन योजना से उनके जीवन में आर्थिक बदलाव आया है और वे बहुत खुश हैं।

वन विभाग द्वारा महिलाओं को उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा समय-समय पर यह कार्यक्रम आयोजित की जाती है। इन प्रशिक्षणों ने महिलाओं को न केवल कौशल विकास में मदद की, बल्कि उन्हें उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने और बाजार की आवश्यकताओं को समझने का अवसर भी प्रदान किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा द्वारा महिलाओं को आधुनिक मशीनें और उत्पादन उपकरण प्रदान किए गए हैं, जिससे उत्पादों का समय पर निर्माण और उच्च गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो रही है। विशेष रूप से, भृंगराज तेल को पारंपरिक तेल पाक विधि से तैयार किया जाता है, जिसमें तिल के तेल में औषधीय जड़ी-बूटियों को सात दिनों तक पकाया जाता है। यह तेल बालों की देखभाल के लिए अत्यधिक प्रभावी है, जो बालों का झड़ना रोकता है और उनकी वृद्धि करता है साथ ही बालों की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है। इसके अलावा महाविषगर्भ तेल, जो पीठ और जोड़ों के दर्द के लिए उपयोगी है, केंद्र का एक और लोकप्रिय उत्पाद है।

पीवीटीजी वन-धन विकास केंद्र,

साहित्य सृजन संस्थान की काव्य संध्या एवं कवियों का सम्मान 15 को

रायपुर/नवप्रदेश। साहित्य सृजन संस्थान द्वारा 15 दिसंबर को आयोजित काव्य संध्या में रचनाकारों का काव्य पाठ एवं सम्मान का कार्यक्रम वृंदावन हॉल सिविल लाइन्स रायपुर में दोपहर 2 बजे से संध्या 6 बजे तक आयोजित है। साहित्य सृजन संस्थान के इस 28 निरंतर जारी मासिक काव्य संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संजय अलंग पूर्व आईएस संभागायुक्त,रायपुर होंगे।इस काव्य संध्या में कोरबा, बिलासपुर, दल्ली राजहरा, बालोद, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बागबाहरा, खरोरा, महासमुंद, राजधानी रायपुर से विशिष्ठ रचनाकार शामिल होकर अपना काव्य पाठ करेंगे। काव्य संध्या के मध्य में श्री एम.गुरुनाथ, (दृष्टिहीन)प्रधान पाठक, शासकीय गोकुल राम वर्मा प्राथमिक शाला रामनगर,रायपुर को साहित्य सृजन कर्मशील सम्मान के साथ श्रेष्ठ काव्य पाठ सम्मान श्रीमती रीना अधिकारी रायपुर,एवं डॉ.वेणुधर रौतिया रायपुर व श्रीमती नूरुस्सबाह ÷सब÷दुर्ग द्वय को श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। संस्था के अध्यक्ष वीर अजीत शर्मा ने बताया कि साहित्य सृजन संस्थान विगत दो वर्षो से निरंतर युवा रचनाकारों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा में निखार लाने के साथ साथ प्रोत्साहित और सम्मानित भी कर रहा है।

न्यूज गैलरी

आईटी क्षेत्र में 20 फीसदी तक बढ़ेंगी भर्तियां

नई दिल्ली। टैलेंट सॉल्यूशंस कंपनी एनएलबी सर्विसेज ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा, आईटी उद्योग ने 2024 की दूसरी छमाही में फिर से रफ्तार पकड़ ली है। कई मोर्चों पर 2025 के लिए बेहतर प्रदर्शन की तैयारी में है। आने वाले वर्ष में भारतीय आईटी क्षेत्र में फ्रेशर्स की भर्ती में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है, जिसमें विभिन्न उद्योगों में नौकरी के अवसरों में 15-20 फीसदी की वृद्धि होगी। आईटी क्षेत्र में नए?साल यानी 2025 में 15-20 फीसदी अधिक भर्तियां होंगी।?टैलेंट सॉल्यूशंस कंपनी एनएलबी सर्विसेज के मुताबिक, ये भर्तियां विभिन्न उद्योगों में होगी। कंपनी ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा, आईटी उद्योग ने 2024 की दूसरी छमाही में फिर से रफ्तार पकड़ ली है। कई मोर्चों पर 2025 के लिए बेहतर प्रदर्शन की तैयारी में है। आने वाले वर्ष में भारतीय आईटी क्षेत्र में फ्रेशर्स की भर्ती में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है, जिसमें विभिन्न उद्योगों में नौकरी के अवसरों में 15-20 फीसदी की वृद्धि होगी। खास बात है कि उभरती प्रौद्योगिकियों पर बढ़ती निर्भरता के कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डाटा एनालिटिक्स और क्लाउड सहित अत्यधिक विशिष्ट तकनीक भूमिकाओं की मांग में 30 से 35 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है।

सरकारी बैंकों का 42,000 करोड़ ऋण बट्टे खाते में

दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 42,000 करोड़ रुपये का ऋण बट्टे खाते में डाला। अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 8,312 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 8,061 करोड़ रुपये, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (6,344 करोड़ रुपये) और बैंक ऑफ बड़ौदा (5,925 करोड़ रुपये) बट्टे खाते में डाले। संसद के शीतकालीन सत्र में एक सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने स्पष्ट किया कि इस तरह के बट्टे खाते में डालने से उधारकर्ताओं की देनदारियां माफ नहीं होती हैं। जीएसटी अधिकारियों ने अप्रैल-अक्तूबर के बीच 17,818 फर्जी फर्मों की ओर से 35,132 करोड़ रुपये की आईटीसी चोरी के मामलों का पता लगाया है और 69 लोगों को गिरफ्तार किया है। केंद्र और राज्य अधिकारियों की ओर से डाटा एनालिटिक्स और अन्य खुफिया जानकारी के माध्यम से फर्जी फर्मों का पता लगाने के लिए नियमित कार्रवाई की जाती है। साथ ही, फर्जी फर्मों का पता लगाने के लिए 16 अगस्त से 30 अक्तूबर के बीच एक समन्वित विशेष अभियान चलाया गया।

कोविड के दौरान भी दास के फैसलों से मिली मदद

जीएसटी, नोटबंदी और मौद्रिक नीति को आकार देने में दास ने छोड़ी अपनी छाप

नई दिल्ली। 67 वर्षीय दास आरबीआई का गवर्नर नियुक्त किए जाने से पहले एक पेशेवर नौकरशाह रहे। उन्हें आरबीआई गवर्नर के उच्च पद पर तब नियुक्त किया गया था जब दिसंबर 2018 में उर्जित पटेल ने अचानक इस्तीफा दे दिया था। केंद्रीय बैंक के गवर्नर के रूप में दूसरा तीन साल का कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है और उनकी जगह केंद्रीय वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को नया आरबीआई गवर्नर नियुक्त किया गया है।

आरबीआई गवर्नर के रूप में शक्तिकांत दास का छह वर्षों का कार्यकाल देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से काफी अहम रहा। नौकरशाह के रूप में नोटबंदी और जीएसटी को जमीन पर उतारना हो या केंद्रीय बैंक के मुखिया के तौर पर कोविड के दौरान मौद्रिक नीति का प्रबंधन उन्होंने अपने फैसलों और सरकार की अपेक्षाओं के बीच सामंजस्य बिठाए रखा। शक्तिकांत दास, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में पद छोड़ रहे हैं, ऐसे में उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली से देश की अर्थव्यवस्था पर जो छाप छोड़ी है, उसे जानना जरूरी है। दास नोटबंदी और उसके क्रियान्वयन के अलावे ऐतिहासिक वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) को लागू करने के पीछे भी प्रमुख चेहरा थे। आरबीआई में उन्होंने महामारी की चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान मौद्रिक नीति की रुपरेखा तैयार की। आइए आरबीआई के 25वें गवर्नर शक्तिकांत दास के योगदानों के बारे में जानें। 67 वर्षीय दास आरबीआई का गवर्नर नियुक्त किए जाने से पहले एक पेशेवर नौकरशाह रहे। उन्हें आरबीआई गवर्नर के उच्च पद पर तब नियुक्त किया गया था जब दिसंबर 2018 में उर्जित पटेल ने अचानक इस्तीफा दे दिया था। केंद्रीय बैंक के गवर्नर के रूप में दूसरा तीन साल का कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है और उनकी जगह केंद्रीय वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को नया आरबीआई गवर्नर नियुक्त किया गया है। 1980 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईएएस अधिकारी दास के पास दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज से इतिहास में और बर्मिंघम विश्वविद्यालय से लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री है। आरबीआई गवर्नर के रूप में उनके फैसलों को वैश्विक स्तर पर सराहा गया। एक पेशेवर नौकरशाह होने के बावजूद केंद्रीय बैंक के गवर्नर के रूप में उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था पर अमिट छाप छोड़ी। आरबीआई गवर्नर के तौर पर दास ने वित्तीय स्थिरता बनाए रखने, मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और आर्थिक विकास को

बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र में नकदी की कमी को दूर करने के लिए कई उपाय किए और बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए नियामक ढांचे को मजबूत करने के लिए कदम उठाए। दास के कार्यकाल के दौरान कोविड-19 महामारी के आर्थिक प्रभाव से निपटने के लिए केंद्रीय बैंक की प्रतिक्रिया काफी महत्वपूर्ण रही। आरबीआई ने अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए कई विनियामक छूटें प्रदान कीं।

नोटबंदी और जीएसटी को जमीन पर उतारने का श्रेय

नवंबर 2016 में जब सरकार ने अचानक 500 और 1000 के करेंसी नोटों को बंद कर दिया था, तब शक्तिकांत दास आर्थिक मामलों के सचिव थे। ऐसे में नोटबंदी की पूरी प्रक्रिया के दौरान उनकी अहम भूमिका रही। उस समय सरकार ने इस कदम को काले धन, भ्रष्टाचार और आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उचित ठहराया। लेकिन कई लोगों ने आम आदमी को होने वाली परेशानी के लिए इस फैसले की आलोचना की। हालांकि, दास ने इस फैसले का बचाव किया और धीरे-धीरे हालात सामान्य करने का अभियान जारी रखा। शक्तिकांत दास ने अलग-अलग अप्रत्यक्ष करों का एक जीएसटी में विलय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह फैसला 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया। जीएसटी के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के साथ समन्वय बिठाने में दास की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

भारतीय जीडीपी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी

भारत की जीडीपी वित्त वर्ष 25 में 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। वहीं, वित्त वर्ष 26 में यह दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

इसकी वजह मजबूत शहरी उपभोग, सर्विस सेक्टर की स्थिर वृद्धि दर और इन्फ्रास्ट्रक्टर में निवेश बढ़ना है।एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा वित्त वर्ष 25 में भारत की विकास दर को लेकर लगाया गया अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान 6.6 प्रतिशत से ज्यादा है।वैश्विक क्रेडिट रेटिंग्स एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 27 में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अलावा कहा कि चालू वित्त वर्ष के साथ ही आने वाले वर्षों में भी भारतीय जीडीपी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा, हमें

उम्मीद है कि महंगाई का दबाव कम होने के साथ ही केंद्रीय बैंक 2025 के दौरान मौद्रिक नीति में मामूली ढील देगा।2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अनुमान को मजबूत बताते हुए राणा ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रह सकती है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसके 6. 9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।वित्त वर्ष 25 में दूसरी तिमाही (जून-सितंबर 2024) के लिए जीडीपी वृद्धि 5.4 प्रतिशत रही, जो अनुमान से कम थी।हालांकि, वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी के बावजूद देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, क्योंकि सरकार ने व्यापक आर्थिक स्थिरता के लिए विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन किया है। राजकोषीय प्रबंधन ने राजकोषीय घाटे और जरूरी विकास के लिए राजकोषीय सहायता के बीच सही संतुलन बनाए रखा है।एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि श्रम बल की अधिक भागीदारी, इन्फ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी में सुधार, साथ ही सार्वजनिक और घरेलू कंपनियों की मजूबत बैलेंस शीट से भारत के आर्थिक विकास को सहारा मिलेगा।

यक्षा व्हिस्की अब छत्तीसगढ़ में!

रायपुर/नवप्रदेश। त्योहारी सीज़न के खास मौके पर, भारत की होमग्रोन एल्कोबेव और लाइफस्टाइल कंपनी ब्लिसवॉटर इंडस्ट्रीज ने अपनी अवॉर्ड-विनिंग यक्षा व्हिस्की को छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया है। यह अनोखी व्हिस्की अपने स्कॉच माल्ट्स और बेहतरीन भारतीय ग्रेन स्पिरिट्स के मिश्रण के लिए जानी जाती है और इसे भारत और विदेशों में व्हिस्की प्रेमियों द्वारा खूब सराहा गया है।

यह लॉन्च रायपुर के उद्यमी देवराज सिंह परमार के सहयोग से संभव हो पाया है। निर्माण और मेटल सप्लाई उद्योग में 12 वर्षों का अनुभव रखने वाले परमार ने कहा, ÷यक्षा व्हिस्की के साथ जुड़ना मेरे लिए बेहद रोमांचक रहा है। छत्तीसगढ़ में इस बेहतरीन व्हिस्की को लाने का हिस्सा बनकर मुझे गर्व है, और मुझे विश्वास है कि इसे यहां के कद्रदान खूब पसंद करेंगे।

यह लॉन्च क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन को और खास बनाने का एक बेहतरीन मौका है। यक्षा व्हिस्की न सिर्फ एक अनूठा गिफ्ट विकल्प है, बल्कि इसे त्योहारी मौसम में एक यादगार अनुभव के रूप में भी एंजॉय किया जा सकता है। अपने खास

फ्लेवर और प्रीमियम क्वालिटी के साथ, यक्षा व्हिस्की भारत में लक्ज़री स्पिरिट्स के लिए एक नया मानक स्थापित कर रही है।

इस लॉन्च के बारे में बात करते हुए, वरना भट, जो ब्लिसवॉटर इंडस्ट्रीज की फाउंडर और मास्टर ब्लेंडर हैं, ने कहा, ÷हमें बहुत खुशी हो रही है कि हम इतनी फाइन-क्वालिटी और अवॉर्ड-विनिंग व्हिस्की छत्तीसगढ़ में ला रहे हैं। हमें पूरा भरोसा है कि यहाँ के व्हिस्की प्रेमी यक्षा को जरूर एंजॉय करेंगे। छत्तीसगढ़ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मार्केट है, और यह विस्तार इस बात का प्रमाण है कि हम यक्षा को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाने के लिए committed हैं।÷

यक्ष व्हिस्की सिर्फ एक ड्रिंक नहीं है, बल्कि यह एक thoughtfully-crafted अनुभव है, जो प्राचीन अमृत सोम से प्रेरित है।

भारतीय ईएसडीएम इंडस्ट्री का मूल्य वित्त वर्ष 2028 तक 9 लाख करोड़ के होगा पार

नई दिल्ली। भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) इंडस्ट्री, जिसका मूल्य वित्त वर्ष 2023 में लगभग 2.09 लाख करोड़ रुपये था, वित्त वर्ष 28 तक 9.09 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ईएसडीएम इंडस्ट्री 5 वर्षों में 34 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से आगे बढ़ेगी।पीएल कैपिटल ग्रुप - प्रभुदास लीलाधर की रिपोर्ट के अनुसार, ओईएम द्वारा विशेष ईएसडीएम प्रोवाइडर्स को मैन्युफैक्चरिंग की आउटसोर्सिंग में वृद्धि, इलेक्ट्रॉनिक्स की बढ़ती मांग, एक बड़ा घरेलू बाजार, चीन +1 रणनीति और उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और सेमीकंडक्टर विकास में निवेश जैसी विभिन्न सरकारी पहल इस विकास के कारक होंगे।रिसर्स एनालिस्ट प्रवीण सहाय ने कहा, वित्त वर्ष 2023 में ईएसडीएम सेक्टर का योग्य बाजार 4.39 लाख करोड़ रुपये का था, जिसमें



ओईएम धीरे-धीरे ईएसडीएम भागीदारों पर निर्भरता बढ़ा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, घरेलू मुद्रित सर्किट बोर्ड असेंबली (पीसीबीए) बाजार में 41.6 प्रतिशत की सीएजीआर दर्ज होने और वित्त वर्ष 2026 तक 6.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 2023 में 2.31 लाख करोड़ रुपये था।सहाय ने विकास के कारकों का भी जिक्र किया। उन्होंने विश्व स्तर पर हमारे इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स की बढ़ती मांग, मूल्य संवर्द्धन, हाई स्पीड असेंबली जैसे कारक अहम हैं।

इस अवसर का लाभ उठाने के लिए, भारत कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स को प्रोत्साहित कर रहा है और अपनी विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार कर रहा है, जिससे पीसीबीए निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका बढ़ेगी और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होगी।ब्रोकरेज ने चार घरेलू ईएसडीएम कंपनियों एवलॉन टेक्नोलॉजीज, साइएंट, केनेस टेक्नोलॉजी और सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कवरेज शुरू किया है।सभी चार कंपनियां विकास के लिए अच्छी स्थिति में हैं, जिन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में मजबूत ऑर्डर बुक और रणनीतिक विस्तार योजनाओं का समर्थन प्राप्त है।

भारत के सिनेमा में विदेशी निवेश न के बराबर

दिल्ली। हॉलीवुड के पांच सबसे बड़े स्टूडियो में शामिल वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की भारतीय शाखा के प्रबंध निदेशक डेंजिल डायस ने हाल ही में भारत के सिनेमा में विदेशी निवेश की मौजूदा स्थिति को लेकर बात की। 'जवान', 'एनिमल', 'पठान', 'गदर 2' और 'पुष्पा 2' जैसी एक्शन फिल्में दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच कर वापस लाने में सफल तो हो रही हैं लेकिन अब भी, दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाले देश भारत के सिनेमा में विदेशी निवेश न के बराबर है। इसकी बड़ी वजह है भारतीय सिनेमा में पारदर्शिता का अभाव, आंकड़ों की हेराफेरी और झूठ के सहारे कारोबार को चमकाते रहने की फितरत।

कोटक सिक्योरिटीज ने 2025 के लिए मार्केट आउटलुक जारी किया

मुंबई। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो-इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ-साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं।

कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरुआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा।

कोटक सिक्योरिटीज मार्केट आउटलुक 2025 रिपोर्ट में 2025 के लिए मुख्य प्रवृत्तियों और प्रभावों का विवरण दिया गया है।

मध्यम से दीर्घकालिक में व्यापक बाजार में हल्की वृद्धि की उम्मीद है।

घरेलू बुनियादी स्थिति मजबूत बनी रहेगी, लेकिन सतर्क आशावाद की समय की आवश्यकता है। दीर्घकालिक निवेशकों को उच्च मूल्यांकन के बीच एसेट क्वालिटी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं स्थिर हो रही हैं क्योंकि मौद्रिक नीतियां नरमी की ओर बढ़ रही हैं, जिसमें अमेरिका, यूरोप और एशिया में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। घरेलू स्तर पर, मुद्रास्फीति उच्च बनी हुई है, विशेष रूप से खाद्य कीमतें।

नई आयकर व्यवस्था को लागू करने में मल्होत्रा की महत्वपूर्ण भूमिका

नई दिल्ली। आम सहमति बनाने में माहिर मल्होत्रा ने नई आयकर व्यवस्था को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके पास वित्त से जुड़े कामकाज संभालने का लंबा तजुर्बा है। रिजर्व बैंक का कामकाज सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स देखते हैं। मल्होत्रा के पास इसका भी अनुभव है। इसलिए, वह आरबीआई गवर्नर की रेस में सबसे आगे रहे। आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा अपने काम करने के तरीकों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पसंदीदा नौकरशाहों में गिने जाते हैं। उन्होंने 2024 का बजट बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनका शुमार वित्तीय मामलों में सुधारवादी और मजबूती से काम करने वाले अफसरों में होता है। आम सहमति बनाने में माहिर मल्होत्रा ने नई आयकर व्यवस्था को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके पास वित्त से जुड़े कामकाज संभालने का लंबा तजुर्बा है। रिजर्व बैंक का कामकाज सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स देखते हैं। मल्होत्रा के पास इसका भी अनुभव है। इसलिए, वह आरबीआई गवर्नर की रेस में सबसे आगे रहे। आरईसी लि. चेयरमैन-एमडी रह चुके मल्होत्रा के के कार्यकाल में वेतनभोगी वर्ग को राहत देने वाली नई प्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू हुई। अप्रत्याशित लाभ कर भी

उन्हीं के कार्यकाल में हटाया गया। राजस्थान कैडर के 1990 बैच के आईएएस अधिकारी मल्होत्रा के पास वित्त व कराधान जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ सार्वजनिक नीति में 33 साल से अधिक का अनुभव है। आईआईटी कानपुर से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक व अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर मल्होत्रा के वित्त मंत्री से भी अच्छे संबंध हैं।?उधर, दास उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद 12 दिसंबर, 2018 को 25वें गवर्नर बने थे। तीन साल के कार्यकाल के बाद सेवा विस्तार मिला था। मल्होत्रा को ऐसे समय में रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाया गया है, जब केंद्रीय बैंक के सामने चुनौतियों की भरमार है। आरबीआई पर रेपो दरों में कटौती का दबाव है, क्योंकि जीडीपी की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि में सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 फीसदी पर आ गई। डॉलर के मुकाबले रुपया भी लगातार कमजोर हो रहा है।

कॉपर इकोसिस्टम विकसित ... कॉपर की मांग में भवन निर्माण और बुनियादी ढांचे का योगदान 43 प्रतिशत है

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विस्तार की वजह से भारत में कॉपर की मांग आया

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय कॉपर एसोसिएशन इंडिया के ताजा आंकड़ों के अनुसार, बुनियादी ढांचे और निर्माण क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि के कारण भारत में कॉपर की मांग में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2023-24 में 1,700 किलोटन तक पहुंच गई।

अंतरराष्ट्रीय कॉपर एसोसिएशन इंडिया (आईसीएआई) ने एक बयान में कहा कि कॉपर की मांग में भवन निर्माण और बुनियादी ढांचे का योगदान 43 प्रतिशत है, जबकि सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान 11 प्रतिशत है। इस उछाल का श्रेय समग्र आर्थिक विस्तार को जाता है।

उद्योग निकाय ने कहा कि कोविड महामारी के बाद, वित्त वर्ष 2021 और वित्त वर्ष 2024 के बीच औसत वार्षिक कॉपर की मांग में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई।एसोसिएशन को उम्मीद है कि कॉपर की मांग में और वृद्धि दर्ज की जाएगी, क्योंकि बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और भवन निर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं। जीडीपी के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बुनियादी ढांचे और निर्माण क्षेत्र में क्रमशः 9.1 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।अंतर्राष्ट्रीय कॉपर एसोसिएशन इंडिया के प्रबंध निदेशक मयूर करमरकर ने कहा, ये रुझान कॉपर की मांग में मजबूत वृद्धि को दर्शाते हैं, जो भारत के जीडीपी विकास से जुड़े हैं।सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के निवेश, उच्च उपभोक्ता खर्च और भवन निर्माण, बुनियादी ढांचे, परिवहन, औद्योगिक और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति से यह वृद्धि हुई है, जिसमें कॉपर की मांग में दोहरे अंकों में वृद्धि हुई है।इसी अवधि के दौरान कॉपर कैथोड का घरेलू उत्पादन 8 प्रतिशत बढ़ा और कॉपर के विभिन्न रूपों के शुद्ध आयात में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई।करमरकर ने कहा, ये रुझान भारत में एक मजबूत कॉपर इकोसिस्टम विकसित करने की क्षमता को उजागर करते हैं। अदाणी के कॉपर स्मेल्टर के वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही से चालू होने और कॉपर कंसन्ट्रेट और ब्लिस्टर पर शुल्क छूट के साथ घरेलू उत्पादन का दृष्टिकोण आशाजनक है।

एनएचसी फूड्स लिमिटेड का रु. 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए खुला

वलसाड /गुजरात। मसाला, अनाज, तेलबीज, सूखा मेवा और अन्य कृषि उत्पाद के निर्यात व्यापार से जुड़ी गुजरात स्थित नेशनल हेल्थ कॉरपोरेशन फूड्स लिमिटेड (BSE -517554) का 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू 5 दिसम्बर, 2024 से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ है। 6 दिसम्बर, 2024 को प्रति शेयर 2.76 की मौजूदा बाजार कीमत के सामने कंपनी प्रति शेयर 1 रुपए की आकर्षक कीमत पर राइट्स इश्यू ऑफर कर ही है। राइट्स इश्यू 18 दिसम्बर, 2024 को बंद होगा। निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में 1 रुपए की कीमत पर लेने / सब्सक्राइब करने के लिए राइट्स एनटाईटलमेंट्स (BSE सिम्बोल: NHCFO-RE) भी खरीद सकते हैं। राइट्स अधिकारों के ऑन मार्केट त्याग की अंतिम तिथि 12 दिसंबर, 2024 है। सूचित राइट्स इश्यू का राइट एंटाईटलमेंट्स 4:1 रेश्यो है (रेकॉर्ड तारीख 26 नवंबर, 2024 को इक्विटी शेयर धारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 फुल्ली पैड इक्विटी शेयर के सामने प्रत्येक 1 रुपए की फेस वैल्यू के 4 राइट्स इक्विटी शेयर) कंपनी प्रत्येक 1 की कीमत प्रति शेयर 1 रुपए की फेस वैल्यू के 47.42 करोड़ फुल्ली पेड अप इक्विटी शेयर्स इश्यू करेगी जिसका मूल्य 47.42 करोड़ है।

■ न्यूज गैलरी

निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखें ठेकेदार : राज्य मंत्री गौर

भोपाल/नवप्रदेश। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि आवश्यकता के अनुरूप क्षेत्र में स?कों और नालियों का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे । राज्यमंत्री श्रीमती गौर सोमवार को भानपुर मंडल में विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान रहवासियों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने वार्ड -72 के शबरी नगर में 27 लाख रुपए लागत की सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण, वार्ड 72 में 10 लाख रुपए लागत के सीसी रोड, आर सी सी नाली निर्माण, लीलाधर कॉलोनी में 4 लाख रुपये लागत की आरसीसी नाली निर्माण, 27 लाख रुपये लागत से हरदौल बाबा, गीता नगर भानपुर स्कूल के पीछे आरसीसी नाली और अटल नेहरू नगर में सीसी रोड निर्माण का भूमि-पूजन किया। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कल्याण नगर में गली नंबर 3 और 4 में 18 लाख रुपये लागत के सीमेंट कांक्रीट सड़क के निर्माण का भूमि-पूजन किया। पार्षद श्री विकास पटेल, श्री राजू राठौड़, श्री राजू लोधी, श्री बी एस मरमट, श्री नीलेश गौर और क्षेत्र के रहवासी इस अवसर पर मौजूद थे।

सबके उपचार का पुख्ता प्रबन्ध

पीएम जन-मन में 7 लाख से अधिक पीवीटीजी आबादी के बने आयुष्मान कार्ड

भोपाल/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के विशेष प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। प्रदेश में निवासरत बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजातियां पीवीटीजी में आती हैं। नवम्बर 2024 के अंत तक पीवीटीजी समुदाय की कुल 7 लाख 85 हजार 324 लक्षित आबादी में से 7 लाख 969 आबादी के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। लक्ष्य के विरूद्ध करीब 90 प्रतिशत सफलता हासिल कर ली गई है। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि पीवीटीजी समुदाय के सभी जनजातीय बंधुओं के बड़ी तेजी से आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। अब तक 7 लाख से अधिक पीवीटीजी आबादी के कार्ड बनाये जा चुके हैं। इससे अब इन सबको 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क उपचार की स्थायी सुविधा उपलब्ध हो गई है।

मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि पीएम जन-मन योजना प्रदेश के 24 पीवीटीजी बहुल जिलों में संचालित है। इन पीवीटीजी बहुल जिलों में शिवपुरी जिले में 1 लाख 33 हजार 369, श्योपुर 95 हजार 593, शहडोल 69 हजार 832, उमरिया 69 हजार 460, अशोकनगर में 49 हजार 613, गुना 44 हजार 622, मंडला 32 हजार 952, ग्वालियर 30 हजार 386, डिंडोरी 28 हजार 147, सिंगरौली 25 हजार 374, छिंदवाड़ा 24 हजार 854, विदिशा जिले में 22 हजार 140, सीधी 20 हजार 312, बालाघाट में 17 हजार 365, अनूपपुर में 16 हजार 197, दतिया 7 हजार 406, जबलपुर 5 हजार 65, सिवनी 2 हजार 215, नरसिंहपुर 2 हजार 126, मुरैना 1 हजार 625, रायसेन 1 हजार 269, कटनी में 780, भिंड में 214 तथा मैहर जिले में 53 पात्र पीवीटीजी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड तैयार कर हितग्राहियों को वितरित भी किये जा चुके हैं। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि मैहर, रायसेन, कटनी एवं भिंड जिले के शत-प्रतिशत पीवीटीजी हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बना दिये गये हैं। बाकी 20 जिलों के शेष रह गये पीवीटीजी हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी जल्द से जल्द तैयार कर वितरित कर दिये जायेंगे। आयुष्मान भारत (निरामयम) योजना में सभी को 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क उपचार का लाभ दिया जाता है। राज्य सरकार सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड तैयार कर सबके निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार की दिशा में बेहद संवेदनशील होकर इस दिशा में प्रयासरत है।

शिवपुरी में अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

एक कर्मचारी होटल कर्मचारी की मौत, दूसरा घायल; दीघोद गांव के पास हादसा

शिवपुरी/नवप्रदेश। शिवपुरी जिले के बदरवास थाना क्षेत्र के एनएच -46 दीघोद गांव के पास सोमवार रात साढ़े आठ बजे एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया हैं। बदरवास पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

जानकारी के अनुसार, बदरवास में हाईवे स्थित गणेश होटल पर काम करने वाले दो कर्मचारी पहलवान परिहार और कल्ला उर्फ दुर्गेश यादव सोमवार को किसी काम से बदरवास आए थे। इसके बाद रात को बाइक से वापस होटल लौट रहे थे।

तभी रात साढ़े आठ बजे दीघोद गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों को गंभीर हालत में बदरवास के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहां डॉक्टर ने दुर्गेश यादव को मृत घोषित कर दिया, वहीं बाद में गंभीर घायल पहलवान परिहार को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने किया फिट इंडिया वीक 2024 का शुभारंभ

'स्वस्थ भारत- समृद्ध भारत' के निर्माण में सहभागिता के लिये फिट रहना जरूरी

भोपाल/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एसएआई) के केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र (सीआरसी), भोपाल में %फिट इंडिया वीक 2024% और फिट इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से संवाद कर उन्हें फिट और सक्रिय जीवन-शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मंत्री श्री सारंग ने फिट इंडिया प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और प्रेरणा से फिट इंडिया मिशन एक जन-आंदोलन बन चुका है। यह अभियान प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही एक सक्रिय, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन-शैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक देश की पूंजी है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश के विकास में योगदान दे सकता है। इसीलिये

सभी को फिट रहना बेहद जरूरी है।

फिट इंडिया के संकल्प को आत्मसात कर हर दिन आधा घंटा करें व्यायाम

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, और फिटनेस को जीवन का अभिन्न अंग बनाना बेहद जरूरी है। फिट इंडिया वीक 2024 के माध्यम से युवाओं से लेकर हर पीढ़ी को फिटनेस के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होंने युवाओं से आवाह्न करते हुए कहा कि सभी अपने दिन में व्यायाम के लिये आधा घंटा अवश्य निकालें, जिससे सभी फिट रहे। साथ ही औरों को भी इसके लिये प्रेरित करें।

प्रदर्शनी का आकर्षण

मंत्री श्री सारंग ने फिट इंडिया प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम और संतुलित आहार के महत्व को रेखांकित करते हुए कई रोचक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। इसमें बॉडी कंपोजिशन, हेल्थ रिलेटेड कंपोनेंट, फिजिकल स्ट्रेंथ, फ्लेक्सिबिलिटी, योगा सहित विभिन्न स्टॉल लगाये गये थे। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना और फिटनेस के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना था।

पैरालंपियन खिलाड़ियों ने साझा किये अपने अनुभव

कार्यक्रम में पैरालंपियन सुश्री प्राची यादव एवं पैरालंपियन श्री यश कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए उपस्थित युवाओं को प्रेरित किया और फिटनेस को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की। इस अवसर पर एसएआई-सीआरसी भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक श्री अभिषेक सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जूडो ट्रफ का किया अवलोकन

मंत्री श्री सारंग ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के केंद्रीय प्रशिक्षण केंद्र में जूडो ट्रफ में नवीन जूडो डमी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद भी किया। इस नवीन जूडो डमी के माध्यम से खिलाड़ियों को आधुनिक और उन्नत प्रशिक्षण सुविधा मिलेगी, जिससे उनके प्रदर्शन में सुधार होगा और वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे।

भोपाल में स्ट्रीट डॉग्स की 1293 शिकायतें पेंडिंग: मेयर बोलीं- गार्डन की 72 शिकायत पेंडिंग

ऐसा 2 साल में कभी नहीं हुआ

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल में महापौर हेल्पलाइन में सबसे ज्यादा शिकायतें स्ट्रीट डॉग्स की है। कुल 1293 शिकायतें पेंडिंग हैं। स्ट्रीट लाइट के मामले भी ज्यादा है। इन शिकायतों को लेकर मंगलवार को महापौर मालती राय ने समीक्षा की। उन्होंने कॉल करके शिकायतकर्ता से पूछा कि आपने शिकायत की थी, क्या वो दूर हो गई?

शहर में स्ट्रीट डॉग्स के शिकार के मामले हर रोज आ रहे हैं। पिछली दो घटनाओं ने झकझोर दिया। 7 दिन पहले नवजात का सिर मिला था। जिसका धड़ कुत्ते खा गए थे। यह मामला शाहजहांनाबाद थाना इलाके की वाजपेयी नगर झुग्गी बस्ती का है।

गोविंदपुरा में दो दिन पहले 5 कुत्तों ने दोपहिया सवार प्रिंटिंग प्रेस व्यवसायी कृष्ण रंजन शर्मा पर हमला कर दिया था। इन घटनाओं के बीच स्ट्रीट डॉग्स की बड़ती शिकायतें चिंता पैदा कर रही है।

उद्यान शाखा के प्रभारी से कॉल करके चर्चा की

स्वच्छता मिशन और उद्यान शाखा के प्रभारी देवेंद्र सिंह चौहान को कॉल करके पूछा कि गार्डन की 72 शिकायतें पेंडिंग है। 2 साल में इतनी शिकायत कभी नहीं हुई। इस पर चौहान ने भी ताज्जुब जताया और मामलों को दिखवाने की बात कहीं। स्वास्थ्य यानी, साफ-सफाई की 71 शिकायतों को लेकर भी मेयर राय ने बात की।

इन नंबर पर कर सकते हैं शिकायत

स्ट्रीट लाइट, स्ट्रीट डॉग्स, सीवेज, सफाई समेत निगम से जुड़ी अन्य समस्याएं हैं तो आप भी निगम को कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए महापौर हेल्पलाइन नंबर-155304 पर कॉल करना होगा।

बुधनी की जनता ने मताधिकार के माध्यम से ऐतिहासिक संदेश दिया: जीतू पटवारी

मतदाताओं का आभार व्यक्त करने बुधनी पहुंचे जीतू पटवारी

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में पहुंचे, जहां उन्होंने हाल ही में संपन्न हुये बुधनी विधानसभा उपचुनाव में आये परिणामों और बुधनी की जनता द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग कर कांग्रेस को जीत के करीब पहुंचाने में निर्णायक भूमिका निभाकर ऐतिहासिक संदेश देने पर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। पटवारी बुधनी के छापरी ग्राम में राजेश जाट के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। तत्पश्चात वे भेरूंदा पहुंचे जहां सुदामा पैलेस गार्डन में भेरूंदा, ला?कुई, गोपालपुर ब्लाक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नागरिकों द्वारा कांग्रेस के पक्ष में मताधिकार का उपयोग कर ऐतिहासिक संदेश देने पर उनका आभार व्यक्त किया। पटवारी ने बुधनी विधानसभा क्षेत्र के रेहटी,

बुधनी, शाहगंज और बकतरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक की और ग्रामीणजनों से मुलाकात कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस दौरान कांग्रेसजनों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि बुधनी की जनता ने मताधिकार के द्वारा एक ऐतिहासिक संदेश दिया है, बुधनी को अपनी जागीर समझने वालों को जमीन पर लाने का जो संकल्प लिया है, उससे प्रदेश ही नहीं देश भर में यह संदेश गया है कि भाजपा केवल झूठ परोसकर जनता को भ्रमित करती है, खोखले वादे कर गुमराह करती है। केवल वोट की राजनीति करती है। लेकिन जनहित के मुद्दों और जनता की समस्याओं से भाजपा को कोई सरोकार नहीं है। पटवारी ने कहा कि 20 साल तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी में केवल झूठ, फरेब और धोखे की राजनीति की है। खुद को किसान का बेटा बताने वाले शिवराजसिंह ने किसानों के लिए कोई काम नहीं किया और अब देश में कृषि मंत्री बनने के बाद भी किसानों को केवल ठगने का काम कर रहे हैं। पटवारी ने कहा कि भाजपा विधानसभा के आम चुनाव में अपने संकल्प पत्र में मोदी गारंटी के नाम पर महिलाओं को 3000 रू., किसानों को 3100 रू. धान का और 2700 रू. गेहूं का समर्थन मूल्य देने, 450 रू. में गैस सिलेण्डर और युवाओं को रोजगार देने का वादा कर सत्ता में आयी, लेकिन चुनाव होने के बाद भाजपा ने शिवराजसिंह चौहान से ही मुख्यमंत्री की कुर्सी छीन ली और पर्ची निकालकर मोहन यादव को मुख्यमंत्री बना दिया, जिससे बुधनी की जनता की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

सामंजस्य और आपसी सहयोग से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करना संभव: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

ओरल कैंसर डिटेक्शन और डेंटल ट्रीटमेंट वैन का उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया शुभारंभ

भोपाल/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सामंजस्य और आपसी सहयोग से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करना संभव है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अपोलो सेज हॉस्पिटल परिसर में ÷ओरल कैंसर डिटेक्शन और डेंटल ट्रीटमेंट वैन÷ सेवा का शुभारंभ किया। यह मोबाइल वैन अत्याधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस है, जो मुंह के कैंसर की शीघ्र पहचान और संपूर्ण दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है। इस पहल को डेनेशिया ग्रुप और रोटरी क्लब के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, यह वैन विशेष रूप से उन नागरिकों की सेवा के लिए समर्पित है जो आर्थिक अथवा भौगोलिक कारणों से चिकित्सा सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। इस वैन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों और भोपाल के आस-पास के जिलों कर कैंसर एवं दंत रोगों की पहचान और उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने डेनेशिया ग्रुप और रोटरी क्लब के सहयोग की सराहना करते हुए इसे मानवता की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन में सामूहिक प्रयासों का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि इस वैन के संचालन से न केवल ओरल कैंसर की शीघ्र पहचान और उपचार होगा, बल्कि दंत चिकित्सा सेवाओं से भी हजारों नागरिक लाभान्वित होंगे। यह पहल समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। श्री शुक्ल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह वैन लोगों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अपोलो सेज हॉस्पिटल की सुविधाओं का अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि वैन में उन्नत तकनीक से लैस ओरल कैंसर डिटेक्शन सिस्टम है, जो कुछ ही मिनटों में कैंसर की पहचान कर सकता है। इसके अतिरिक्त, वैन में एक आधुनिक डेंटल चेयर और अन्य चिकित्सा उपकरण हैं, जो जटिल से जटिल दंत समस्याओं का इलाज कर सकते हैं। वैन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह बिजली न होने की स्थिति में भी पेट्रोल जनरेटर की सहायता से निर्बाध रूप से कार्य करती है। यह वैन न केवल तकनीकी रूप से उन्नत है, बल्कि प्रदेश के हर कोने तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। सेज ग्रुप के चेयरमैन श्री संजीव अग्रवाल, डेनेशिया ग्रुप के चेयरमैन श्री पी के त्रिपाठी सहित रोटरी क्लब के प्रतिनिधि, चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

कलचुरि समाज का तीसरा निशुल्क: विवाह सम्मेलन संपन्न

सामुहिक विवाह समाज में सामुहिक एकता की भावना को प्रोत्साहित करता है- चौकसे

11 जोड़े शादी के अटूट बंधन में बंधे

भोपाल/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज मप्र व एलएनसीटी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को कलचुरि समाज के निशुल्क- विवाह सम्मेलन में 11 जोड़े अग्नि के फेरे लेकर विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। सम्मेलन में आकर्षण का केन्द्र 11 दुल्हों की सामुहिक बारात रही जिसमें दुल्हे अलग-अलग घोडे पर सवार हुए तो आयोजक डीजे, ढोल की ताल पर जमकर झूमे। बारात का जगह-जगह फूलों से स्वागत हुआ तो मन लुभावनी आतिशबाजी ने सबका

मनमोह लिया। तत्पश्चात मंगलगीतों के साथ दुल्हे विवाह स्थल पर पहुंचें जहां सुसज्जित स्टेज पर 11 दुल्हों ने अपनी दुल्हनों को वरमाला पहनाकर अपना जीवनसाथी बनाया। आयोजन स्थल पर अलग-अलग जोड़ों के लिए अलग-अलग वेदियां बनाई गई थीं, जहां उनके पाणिग्रहण, भांवर समेत सभी विवाह संस्कार संपन्न हुए। फेरे लेने के बाद में नवदंपत्तियों को लक्ष्मीनारयण भगवान की फोटो फ्रेम और वैवाहिक प्रमाण पत्र सौंपकर उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की। कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण कर नवदंपत्तियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

शादियों में कम खर्च का दिया संदेश

आयोजक जय नारायण चौकसे ने मंच पर बोलते हुए कहा कि सामुहिक विवाह कि इस परंपरा को हम आगे बढाने के लिए हमेशा प्रयास करते रहेंगे हम आने वाले समय में हम गरीब, अमीर, बुद्धजीवी लोगों से कहेंगे कि आप बच्चों की शादी तय कर ले और वो हमसे बात कर ले हम एक निश्चित तिथी तय कर पूरे कलचुरि समाज के साथ मिलकर उनका विवाह करायेंगे ताकि उन्हें एक समान दर्जा मिले। सामूहिक विवाह समाज में एकता की भावना को प्रोत्साहित करता है। यह सभी परिवारों को एक साथ आने का मौका देता है और सामाजिक जुड़ाव को मजबूती देता है। मंत्री दिलीप जायसवाल ने लोगों से रात की अपेक्षा दिन में शादी करने की अपील की जिससे शादी में होने वाले अनावश्यक खर्च रुकेगा। उन्होने युवाओं को अपने माता पिता का सदैव सम्मान करने की नसीहत भी दी। उन्होने स्वेच्छानुदान से 11-11 हजार रुपये प्रत्येक जोडो को देने की घोषणा भी की। मंत्री विश्वास सारंग ने कलचुरि समाज और एलएनसीटी ग्रुप को सामुहिक विवाह के आयोजन पर बधाई दी और कहा कि हम अपने समाज में पूरी तरह से सक्रीय रहे और समाज का उन्नय करें हमारी आने वाली पीढी हमारे तीज-त्यौहार, संस्कृति से जुडे। महापौर श्रीमती मालती राय ने समाज यह आग्रह किया कि हम अपने बच्चों को यह शिक्षा दे कि अपने लिए तो सब करते है लेकिन हम दूसरों के लिए करें जिससे हमारा जीवन सार्थक होगा। और सामुहिक विवाह सम्मेलन में बढचढकर शामिल हो। वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज की अध्यक्ष श्रीमती कल्पना आईडी राय ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक मंच सनातन, संस्कृति के प्रति जागरुक करते है जिससे युवा अपनी संस्कृति को पहचाने। मंच प्राकृति के संबर्धन और सरक्षण के लिए पौधारोपण, गरीब बच्चों को पुस्तक वितरण, कुरितियों को दूर करने का संदेश देते है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड-नं-3, पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित मो.नं. 9406245514, 9425237314 (न्याय क्षेत्र भोपाल) www.navpradeshbhopal@gmail.com